10 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 170


बेटियां बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर : चमरा लिंडा




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## न्यूज रील्स

### जीतन राम मांझी की नातिन की हत्या

**गया।** गया सांसद और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की नातिन की गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। मृतका सुषमा देवी की हत्या का आरोप उनके पति रमेश पर लगा है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है और आरोपी पति को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि यह घटना अतरी प्रखंड के टेटूआ गांव की है। सुषमा देवी विकास मित्र के पद पर अतरी ब्लॉक में कार्यरत थी। सुषमा का पति रमेश पटना में ट्रक ड्राइवर था।

# योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारें : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की, जिलों से ऑनलाइन जुड़े उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी विकास योजनाओं के संचालन में पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के अलावा विभागों प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

**योजनाएं समय पर पूरी हों:** मुख्यमंत्री कहा कि जिला स्तर पर योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लायें, ताकि योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। उन्होंने उपायुक्तों से कहा कि राज्य में विकास की गति को तेज करने में आप सभी की कार्यशैली अहम भूमिका रखती है। ऐसे में आप सभी इस बात का विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो।

(संबंधित खबरें पेज 3 पर)



### पेयजल संकट दूर करने के लिए उठायें कदम

हेमंत सोरेन ने कहा कि गर्मी के महीने में आम जनमानस को पेयजल की समस्या न हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जाये। जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त शीघ्र कार्य योजना तैयार करें। गर्मी के दिनों में अक्सर जंगलों में आगजनी की खबरें मिलती हैं। जंगलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आगजनी की समस्या का तत्काल समाधान निकालें।

### पारदर्शिता के साथ जमीन की रसीद काटें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय तथा थाना सरकार का चेहरा होता है। इन कार्यालयों में पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन की रसीद काटने से लेकर म्यूटेशन के कार्य हों। विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने में शिथिलता नहीं बरती जाये। लोगों का राज्य सरकार के प्रति विश्वास बढ़े, इस निमित्त छोटी-छोटी समस्याओं का भी त्वरित निदान सुनिश्चित करें।

### मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

- समय सीमा के अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि का करें भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की परिसंपत्ति पर लोगो लगाया जाये
- जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था प्रदान की जाये
- गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जाये
- सभी मेडिकल कॉलेजों एवं देवघर स्थित एम्स अस्पताल में हेलीपैड बनाने की पहल करें
- ब्लड बैंकों की कमियों को दूर करें
- आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की बाधाओं का निराकरण करें
- कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करें
- अफीम की खेती हर हाल में रोकी जाये

# नेतरहाट स्कूल के तीन शिक्षक निलंबित

## अनुशासनहीनता का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** झारखंड का प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय नेतरहाट पिछले कुछ वर्षों से शिक्षकों के आपसी मतभेद के कारण विवाद का केंद्र बन रहा है। इसके कारण विद्यालय के अनुशासन एवं शिक्षा स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन सभी को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने कड़ा फैसला लिया है। स्कूल के तीन शिक्षकों को अनुशासनहीनता और प्रबंधन के विरुद्ध कार्य करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। प्रबंधन ने शिक्षक राकेश कुमार, अतुल रंजन एक्का और रवि प्रकाश सिंह को निलंबित किया। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से नेतरहाट थाना को भी इसकी जानकारी दी गयी है।

**गुटबाजी और अनुशासनहीनता पर हुई कार्रवाई:** स्कूल प्रबंधन समिति के सभापति संतोष उरांव ने बताया कि स्कूल में बढ़ती गुटबाजी, शिक्षकों के आपसी विवाद के कारण यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के विवाद और गुटबाजी का आसर पठन-पाठन पर हो रहा था। सारी बातें स्कूल के बाहर भी पहुंच रही थीं। उरांव ने कहा कि रसायन शास्त्र के शिक्षक रवि प्रकाश विद्यालय प्रशासन के नियमों के विरुद्ध कार्य कर रहे थे। वह प्राचार्य और सभापति से अनुमति लिये बगैर मंत्री और उच्चाधिकारियों से मिलते थे। अपने अधिकार क्षेत्र से विपरीत लगातार पत्राचार कर विद्यालय प्रबंधन की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास कर रहे थे। जो इनकी अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। वहीं दो अन्य शिक्षक अतुल रंजन एक्का जो कला विषय के शिक्षक है एवं राकेश कुमार गणित विषय के शिक्षक दोनों गुटबाजी कर रहे थे। वह स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी (जिनका मामला कोर्ट के अधीन है) के संबंध में लगातार सोशल मीडिया पर भ्रमित करने वाले पोस्ट डाल रहे थे। इसके अलावा भी प्रबंधन की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था। साथ ही शिक्षक राकेश कुमार कक्षा में भी लगातार अनुपस्थित रहते थे एवं शैक्षणिक कार्यों को गौण कार्य समझते थे।



### पूर्ववर्ती छात्र का प्रबंधन पर कब्जे का प्रयास

सभापति संतोष उरांव ने बताया कि कुछ पूर्ववर्ती छात्रों का शिक्षकों से अनावश्यक सानिध्य भी चिंता का विषय है। पूर्ववर्ती छात्र केदारनाथ लाल दास के द्वारा ठेकेदारी, विद्यालय के उपयोगी चीजों की आपूर्ति जैसे कार्यों को हासिल करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षकों के बीच बढ़ रही गुटबाजी का लाभ उठाते हुए एक सुनियोजित योजना के तहत झगड़ा को और अधिक बढ़ाने का कार्य किया गया है, जिससे आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

नौसेना को बड़ी ताकत, हिंद महासागर में बढ़ेगी क्षमता

# फ्रांस से 26 मरीन राफेल खरीदेगा भारत

64 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च, मोदी सरकार ने मुहर लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने फ्रांस से 26 मरीन राफेल फाइटर जेट की खरीदी को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) ने बुधवार को सौदे पर मुहर लगायी। भारत को 64 हजार करोड़ रुपये में 26 मरीन फाइटर मिलने हैं। इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा। इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आइएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन का सौदा उसी आधार मूल्य में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी गयी थी। इस सौदे की जानकारी सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की 2023 की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आयी थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने अनुरोध पत्र जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपये के सौदे में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है।



2008 मुंबई आतंकी हमले का है दोषी

# आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाया जा रहा

अमेरिका से विशेष विमान से रवाना

एजेंसी

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को बुधवार को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। जांच एजेंसी एनआइए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक संयुक्त टीम तहव्वुर को लेकर विशेष विमान से रवाना हुई। उसके देर रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। एनआइए अगले कुछ हफ्तों तक उसे अपनी कस्टडी में रखेगी। बताते चलें कि राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी थी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसंस बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया, तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआइ ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने का दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिल्स के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।



### राम मंदिर में 18 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा जून में

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के अलावा 18 और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा जून में होगी। तीन दिन प्राण प्रतिष्ठा का पूजन समारोह होगा। ये मूर्तियां राजस्थान के जयपुर में बनायी जा रही हैं। 15 अप्रैल के बाद अयोध्या पहुंच जायेंगी। इसके बाद 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर सिंहासन पर मूर्तियों को रखा जायेगा। फिर जून में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। ट्रस्ट की बैठक में समारोह के दिन तय किये जायेंगे। ये बातें बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। चंपत राय ने कहा कि मूर्तियां भारी हैं। इसलिए इन्हें सिंहासन पर रखने के लिए बड़ी मशीनों की मदद ली जायेगी। 30 अप्रैल तक टावर क्रेन मंदिर परिसर से हटा लेंगे। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां तेज की जायेंगी।

# वक्फ बिल संविधान पर हमला: राहुल गांधी

गुजरात में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन बुधवार को खत्म हो गया। अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में लिखा गया है कि इसाइयों पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये धर्म-विरोधी बिल है। यह देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के खिलाफ बयान दे रहा हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गयी 56 इंच की छाती। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनायी है, जिससे उसे फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, इवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता गया। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गयी, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने कहा कि सब कुछ पता लगा लिया जायेगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जायेगा।




SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2025

APPROVAL & RECOGNITION
Accredited by NAAC with Grade 'A++'
UGC Graded Autonomy(Category-I)
NBA Accredited
ICAR Accredited
NABL Accredited
NABH Accredited
AICTE Approved
NMC Approved
DCI Approved
PCI Approved
BCI Approved
INC Approved
VCI Approved

PROGRAMMES OFFERED

B.TECH PROGRAMMES
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)

M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering

MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)

M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathematics
Biotechnology
Integrated (M.Sc. Biotechnology)

COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)

PHARMACEUTICAL PROGRAMMES
B.Pharm.
M.Pharm.

LAW PROGRAMMES
BA LLB (H) - Integrated Law
BBA LLB (H) - Integrated Law
LLB (H) - 3 Years Law
LLM

HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)

NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)

AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture

VETERINARY SCIENCE AND ANIMAL HUSBANDRY PROGRAMME
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc. & A.H.)

National Institutional Ranking Framework 2024
14th in University Category
26th in Engineering Category
21st in Medical Category
09th in Dental Category
09th in Law Category

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
64 in QS Southern Asia University Ranking
278 in QS Asia University Ranking
1201- 1400 in QS World University Ranking
Instituion of Happiness
Recognized by QS I-Guage

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
801-1000 in THE World University Ranking
401- 500 in Engineering Technology
601- 800 in Computer Science
801-1000 in Health Sciences

To apply for admission through SAAT 2025,
Visit: www.soa.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जनसेवा को सशक्त बनाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : कल्पना

## गांडेय में कल्पना मुर्मू सोरेन ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विकास को नयी दिशा देते हुए विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में चलंत चिकित्सा वाहन सेवा, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र एवं पेयजल परियोजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर आयोजित जनसभा में विधायक ने कहा, गांव-गांव तक विकास पहुंचाना और जनसेवा को सशक्त बनाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कल्पना ने इस दौरान बेंगाबाद प्रखंड में चलंत चिकित्सा वाहन का विधिवत शुभारंभ किया। कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय लोगों ने विधायक का पारंपरिक रूप से पुष्पमालाओं और तालियों की गूंज के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## राज्य पुलिस सेवा नियमावली में संशोधन, प्रमोशन के नियम में बदलाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पुलिस सेवा नियमावली 2012 में संशोधन करते हुए नयी नियमावली लागू की गयी है। इसके तहत पुलिस उपाधीक्षक के मूल कोटि में प्रोन्नति आधारित नियुक्तियां पुलिस निरीक्षक, प्रारक्ष पुलिस निरीक्षक, निरीक्षक सशस्त्र एवं परिवारी प्रवर की पंक्ति के पदाधिकारियों को उनकी मूल कोटि यथा पुलिस अवर निरीक्षक, प्रारक्ष पुलिस अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक सशस्त्र एवं परिवारी की संयुक्त वरीयता सूची से वरीयता-सह योग्यता के आधार पर वांछित कालवधि अभ्युक्तियों तथा आरोपों की स्थिति के आधार पर झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा पर की जायेगी।

# हरिशंकर पत्रलेख को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पिता के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पिता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय हरिशंकर पत्रलेख के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने उनके देवघर स्थित पैतृक आवास कुशमाहा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, महानगर कांग्रेस कमेटी रांची के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, कांग्रेस नेता वेद प्रकाश तिवारी, पप्पू सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस के नेता शुवेंदु शेखर झा, साहेबगंज जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा उपस्थित रहे। नेताओं ने स्व. हरिशंकर पत्रलेख के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हरिशंकर पत्रलेख कांग्रेस विचारधारा के एक मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने छात्र जीवन से ही कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया। कांग्रेस नेताओं ने यह भी बताया कि हरिशंकर पत्रलेख के कार्यों की सराहना लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने की थी उन्होंने शोक संवेदना पत्र भेजकर अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कांग्रेस नेताओं ने कहा हरिशंकर पत्रलेख के निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।

# पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू से फिल्म निर्माता प्रकाश झा ने मुलाकात की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक प्रकाश झा रांची में हैं। बुधवार को उन्होंने पर्यटन, कला और नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पर्यटन, कला और निवेश के अवसर शामिल थे। मंत्री सुदिव्य सोनू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता प्रकाश झा से मुलाकात हुई। इस दौरान झारखंड में पर्यटन, कला और संभावित निवेश के अवसरों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बताते चलें कि प्रकाश झा ने गंगाजल, अपहरण, चक्रव्यूह, दामूल और मृत्युदंड जैसी कई फिल्में बनायी हैं।

## मांस-मछली और मुर्गा की दुकानें आज बंद रहेंगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य भर में 10 अप्रैल को मांस, मुर्गा और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। भगवान महावीर जयंती को लेकर यह आदेश जारी किया गया है। राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्र और पंचायत क्षेत्र में इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, महावीर जयंती के दिन मांस-मछली और मुर्गा की बिक्री और क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, अगर कोई दुकानदार मांस, मुर्गा या मछली बेचता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सरकार वोट बैंक की राजनीति में लगी हुई है: आदित्य साहू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बीजेपी के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार वोट बैंक की राजनीति में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को नागरिकता देकर आदिवासी मूलवासियों के साथ धोखा कर रही है। आदित्य साहू ने कहा कि सरकार ने टीजीटी और पीजीटी के लगभग 9000 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को भी बाधित किया है, जिससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 5 लाख नौकरी का वादा किया था, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ।

आदित्य साहू ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर परिवारवाद की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी परिवारवाद की पार्टी नहीं है, जहां अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष परिवार से ही कोई व्यक्ति बन सकता है। आदित्य साहू ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अगर कांग्रेस को हटाएगी, तो भी कांग्रेस उसकी पिछलग्गू ही बनी रहेगी, क्योंकि उन्हें पता है कि अकेले चुनाव लड़ने पर मुश्किल से 5 सीट भी नहीं आयेगी।

**वन नेशन वन इलेक्शन का किया समर्थन :** आदित्य साहू ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश की मांग है और देश हित में है। जब देश हित में कोई कार्य होता है, तो बीजेपी उसमें एक्टिव जरूर होती है।

### अपना सुझाव अपने पास रखें : विनोद पांडेय

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे अपना सुझाव अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि किसी पार्टी के सांगठनिक मसलों पर दूसरे दलों को सुझाव देने से बचना चाहिए। पांडेय ने तंज कसते हुए कहा कि अगर भाजपा को इतना ही दर्द हो रहा है तो किसी एसटी को प्रधानमंत्री बना दे।

# मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठा रहा था बाबू, जांच शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** मंईयां सम्मान योजना का लाभ बाबू भी उठा रहा था। मामला प्रकाश में आने के बाद जांच शुरू हो गयी है। पलामू के बिश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी क्षेत्र में मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। महिलाओं की जगह पुरुष सम्मान योजना का लाभ उठा रहे थे। पूरे मामले में सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से जांच शुरू कर दी गयी है। जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। इससे पहले फरवरी माह में पलामू में मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन में बड़े पैमाने पर फर्जी लाभुक पकड़े गये थे। उस दौरान 2711 फर्जी लाभुक और 1400 डुप्लीकेट लाभुक पकड़े गये थे। जिसके बाद सभी को योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया था। जांच में कई सरकारी कर्मचारियों के परिजन भी लाभ लेते पकड़े गये। गौरतलब है कि महिला के नाम पर पुरुष द्वारा लाभ लेने का यह पहला मामला पलामू में पकड़ा गया है। पलामू जिला प्रशासन ने विशेष कैंप लगाकर लाभुकों का सत्यापन भी किया है। महिला के नाम पर पुरुष द्वारा लाभ लेने का मामला प्रकाश में आया है।

### मामले की जांच की जा रही है : सहायक निदेशक

सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मंईयां सम्मान योजना से छूटे 95 हजार लाभुकों के खाते में भी पैसा भेज दिया गया है।

## जमशेदपुर में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान अचेत हुई बीमार महिला

# ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन, रोड जाम

**जमशेदपुर के ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषी पाये जाने पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की जायेगी**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान जमशेदपुर में बवाल हो गया। दरअसल, बागबेड़ा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास बुधवार को ट्रैफिक पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अपनी बीमार पत्नी को बाइक से अस्पताल ले जा रहे एक व्यक्ति की किसी बात को लेकर ट्रैफिक पुलिस के साथ बहस हो गयी। सूचना के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान अस्पताल जाने की जल्दबाजी के कारण बाइक नहीं रोकने पर गाड़ी पर सवार चालक और उसकी पत्नी से ट्रैफिक पुलिस का जवान उलझ गया। बताया जा रहा है कि बाइक में पीछे बैठी महिला की तबीयत काफी खराब थी। जिसे उसका पति अस्पताल ले जा रहा था। इसी क्रम में ट्रैफिक पुलिस के वाहन चेकिंग के जद में वो आ गये। आरोप है कि चेकिंग के दौरान बाइक नहीं रोकने पर ट्रैफिक पुलिस के जवान ने गाड़ी को पकड़ने की कोशिश की। जिससे कि गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और बाइक के पीछे बैठी महिला सड़क पर आ गिरी। इस दौरान तबीयत खराब होने के कारण महिला की स्थिति और खराब हो गयी और वह अचेत हो गयी। इसके बाद महिला का पति ट्रैफिक पुलिस से उलझ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी ट्रैफिक पुलिस का विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान घटना ने आक्रोशित लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर ट्रैफिक पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क को जाम कर दिया। इसके कारण गोलचक्कर के पास लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को उचित जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई और लोगों ने जाम हटाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक चेकिंग के नाम पर पुलिस की कार्रवाई अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस को मानवता को ध्यान में रखते हुए अपनी कार्यशैली में बदलाव लाते हुए संवेदनशीलता और संयम बरतने की जरूरत है।

इधर, जमशेदपुर के ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार का कहना है कि महिला को बाइक से ले जा रहे व्यक्ति के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना गैर कानूनी है। पूरे मामले की जांच का जिम्मा ट्रैफिक इंस्पेक्टर को सौंपा गया है। ट्रैफिक चेकिंग के दौरान तैनात जवान बॉडी वॉर्न कैमरा से लैश था। उसके कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर जवान के विरुद्ध कावश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# ग्रामीणों ने चोरों की बाइक और पिकअप वैन को किया आग के हवाले



**टॉवर की बैटरी चुराने पहुंचे थे गांव में, ग्रामीणों की नींद खुलने पर भागे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ठाकुरगांव।** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में बैटरी चोर गिरोह के पिकअप वैन और दो बाइक को आग के हवाले करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात चार से पांच की संख्या में चोर पतरातू गांव में स्थित एक मोबाइल टावर की बैटरी चुराने के लिए पहुंचे थे। बैटरी टावर से खोलने के दौरान ही कुछ ग्रामीण नींद से जाग गये, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो चोर अपने वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गये। ग्रामीणों ने चोरों को काफी दूर तक खदेड़ा भी, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर सभी चोर फरार होने में कामयाब रहे। इसके बाद ग्रामीणों ने चोर के वाहनों में आग लगा दी।

ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बुधवार को बताया कि बैटरी चोर गिरोह के वाहनों को आग के हवाले किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जले हुए वाहनों का सत्यापन भी करवाया जा रहा है।

# झारखंड के नौजवानों के लिए अग्निवीर पंजीकरण की तिथि 25 अप्रैल तक बढ़ी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देश की सेवा के लिए सेना ज्वाइन करने की चाहत रखने वाले झारखंड के नौजवानों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय सेना ने अग्निवीर ऑनलाइन पंजीकरण की तारीख 10 अप्रैल 2025 से बढ़ाकर 25 अप्रैल 2025 कर दी है। पंजीकरण की प्रक्रिया 12 मार्च को शुरू हुई थी। अग्निपथ स्कीम के तहत आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस, रांची की ओर से योग्यता पूरी करने वाले झारखंड के सभी 24 जिलों के नौजवानों से आवेदन मांगा गया है। चूंकि अभी पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, लिहाजा जून माह में कॉमन इंट्रेंस एग्जाम होने की संभावना है। इस प्रक्रिया की पूरी करने के बाद रैली प्रोग्राम का शिड्यूल जारी किया जायेगा। भर्ती रैली का आयोजन मोरहाबादी मैदान रांची में होगा।

**किन-किन पदों के लिए होनी है बहाली :** भारतीय सेना में कुल पांच पदों के लिए बहाली की प्रक्रिया चल रही है। इनमें सैनिक जनरल ड्यूटी, सैनिक टेक्निकल, सैनिक नर्सिंग असिस्टेंट, सैनिक क्लर्क/एसकेटी और सैनिक ट्रेड्समैन के पद शामिल हैं। सभी पदों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है। इसकी पूरी जानकारी joinindianarmy.nic.in पर जाकर ली जा सकती है।

### बहाली की प्रक्रिया और योग्यता

पद के हिसाब से योग्यता पूरी करने वाले नौजवानों को पहले फेज में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित सीइइ यानी कॉमन इंट्रेंस एग्जाम देना होगा। यह परीक्षा पास करने पर रैली के दौरान पीएफटी यानी फिजिकल फिटनेस टेस्ट और मेडिकल टेस्ट पास करना होगा। उम्र 1 अक्टूबर 2025 की तारीख को आधार बनाकर निर्धारित करना होगा। इस दिन के हिसाब से सैनिक नर्सिंग असिस्टेंट पद के लिए उम्र सीमा 17.5 वर्ष से 23 वर्ष तक रखी गयी है। शेष पदों के लिए उम्र सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अग्निवीर जीडी के 10वीं पास, अग्निवीर क्लर्क के लिए 12वीं पास, अग्निवीर टेक्निकल के लिए पीसीएम से 12वीं पास, जबकि अग्निवीर टीडीएन की दो कैटेगरी के लिए 8वीं और 10वीं पास होना अनिवार्य है।

# झाड़ियों में मिला लापता महिला का शव

## दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने मृतक महिला की पहचान कर ली है। मामले के संबंध में परिजनों ने महिला के साथ दुष्कर्म करके हत्या करने की आशंका जतायी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते दिन महिला, रामनवमी का मेला देखने गयी थी। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आयी तो परिजनों ने मेले में जाकर महिला को ढूंढा। जब महिला कहीं नहीं मिली तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी।

इधर सुबह गांव की कुछ महिलाओं की नजर महिला के शव पर पड़ी। महिलाओं ने तुरंत इसकी सूचना गांव वालों को दी। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद तालझारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर खून के निशान मिले हैं। इसके साथ ही मृतक महिला के शरीर पर जख्म के निशान भी हैं। घटनास्थल के आसपास महिला के कई सामान और शराब की बोतलों को पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.6 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.34 बजे |



# समय सीमा के अंदर छात्रवृत्ति राशि का करें भुगतान: हेमंत

■ 8 मई तक लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान कार्य पूरा करें, उपायुक्त छात्रावासों की मरम्मत को प्राथमिकता दें

■ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्री मैट्रिक (कक्षा 1 से 10) की छात्रवृत्ति राशि का भुगतान अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। इस हेतु एक तय समय सीमा के अंतर्गत सत्यापन और भुगतान का कार्य पूरा करें। राज्य सरकार इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि छात्रवृत्ति राशि हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच / सत्यापन कर छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किसी भी हाल में लंबित नही रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मई 2025 तक सभी लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान पूर्ण किया जाये। जिला स्तर पर आवेदक छात्र-छात्राओं का सत्यापन एक निश्चित समय सीमा में किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तथा एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट के लिए जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक सभी जिलों के उपायुक्त प्राथमिकता के तौर पर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार के बेहतर परिणाम के लिए राज्य स्तर पर नियमित फॉलो-अप की व्यवस्था होनी चाहिए। उपायुक्त वनाधिकार के लिए सीएफआरआर को पूरी प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों की मरम्मत के लिए जिला स्तर पर एक संयुक्त दल बनाकर एक कंप्रिहेंसिव डाटाबेस तैयार किया जाये। उपायुक्त छात्रावासों की मरम्मति को प्राथमिकता दें। वर्तमान में छात्रावास में जो विद्यार्थी रह रहे हैं उनके नामांकन इत्यादि की जांच कर ली जाये।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्राप्त ऋणों से शुरू हुए व्यवसाय के लिए थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन कराया जाये। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की परिसंपत्ति पर लोगो लगाया जाये। इस योजना के आउटपुट पर फोकस करें ताकि युवाओं के स्थायी रोजगार की व्यवस्था हो सके।



## कृषि विभाग की समीक्षा : कृषक पाठशालाओं में नर्सरी विकसित करें

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलों में संचालित कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करें। कृषक पाठशाला के नर्सरी से किसान जरूरत के अनुरूप फलदार पौधा आदि प्राप्त कर सकें, इसकी व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बीजों के वितरण की निगरानी के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष बनाएं। जिलों में उर्वरक, कीटनाशकों और सीड्स की बिक्री पर भी नजर रखें, कोई इलीगल गतिविधि न हो ,इसका ध्यान रखा जाये। पशुधन योजना के तहत वितरित पशुओं का 100% बीमा सुनिश्चित करें और पशुधन योजना के तहत पशुओं की मृत्यु के खिलाफ बीमा कंपनी से 100% दावा सुनिश्चित करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के लिए क्लस्टर गठन सुनिश्चित करें। पीएम किसान योजना के तहत किसानों का स्व-पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें जिलों से सत्यापन और मंजूरी दी जाये।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा: रिम्स, देवघर एम्स समेत सभी मेडिकल कॉलेजों में बनेगा हेलीपैड, सीएम ने दिया निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में 15वें वित्त आयोग के तहत 1117 नये स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है, जिसमें प्रथम चरण में 949 तथा द्वितीय चरण में 168 स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीओ/सीआइ के ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य उपकेंद्रों के भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन कर लिया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा हेल्थ सबसेंटरों पर प्राइवेट डॉक्टर्स हायर करने की योजना बनायी गयी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल बनाकर जरूरत के अनुसार इन हेल्थ सेंटर में उनकी सेवा ली जाये ताकि आमजन मानस को इलाज संबंधित सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह प्राथमिकता है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों की कमी को दूर कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं देवघर स्थित एम्स अस्पताल में हेलीपैड बनाने की पहल की जाये। उन्होंने अस्पतालों में स्थापित सभी ब्लड बैंक का एक सर्किट बनाये जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी कर्मी ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाएं तथा स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन माह के भीतर सभी ब्लड बैंकों में खून की पर्याप्त उपलब्धता रहे यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि माइनिंग क्षेत्र में हेल्थ एनालिसिस प्रोफाइल अवश्य तैयार करें ।

## महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा: मंईयां सम्मान योजना का वेरिफिकेशन कार्य 15 दिनों के अंदर पूर्ण करें

मुख्यमंत्री ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बहुल 386 टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए जिलों में राशि उपलब्ध करा दी गयी है। सभी जिलों के उपायुक्त निश्चित समय सीमा के अंतर्गत भूमि चिह्नित कर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का काम पूर्ण कर लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' अंतर्गत बनने वाले 945 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी शीघ्र भूमि उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का जियो टैगिंग फोटोग्राफ्स के साथ होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में जिन 4000 आंगनबाड़ी कर्मियों की चयन प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, उन्हें शीघ्र नियुक्त करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का वेरिफिकेशन कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि बैंक और मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर बैंक अकाउंट आधार से लिंक करने के कार्य को शीघ्र पूरा करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा। |
| वृष | मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी। |
| मिथुन | हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |
| कर्क | आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा। |
| सिंह | नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| कन्या | विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। |
| तुला | सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा। |
| वृश्चिक | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी। |
| धनु | सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल। |
| मकर | रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी। |
| कुंभ | धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। |
| मीन | भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। |

## हाइकोर्ट ने पारसनाथ पहाड़ का अवलोकन कर रिपोर्ट देने का दिया निर्देश




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में जैन संस्था ज्योत द्वारा दायर एक जनहित याचिका में सुनवाई हुई। इसमें प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि इस पवित्र स्थल पर शराब और मांस की बिक्री, अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं। इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं का सम्मान करती है। अतिक्रमण एवं मांस बिक्री के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार को पारसनाथ पहाड़ को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रार्थी और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को पारसनाथ पहाड़ का अवलोकन कर रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है।

# रांची शहर की सहायक सड़कों की स्थिति पर हाइकोर्ट ने सरकार और निगम से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राजधानी रांची की सहायक सड़कों की मरम्मत को लेकर अधिवक्ता शुभम कटारुका की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी द्वारा रांची के बदहाल सड़कों की दी गयी सूची के आधार पर इन सड़कों को दुरुस्त करने को लेकर उठाये गये कदम पर स्पेसिफिक जवाब दाखिल करें। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी अधिवक्ता शुभम कटारूका की ओर से अदालत को बताया गया कि उनकी ओर से रांची शहर की सहायक सड़कों की जो सूची दी गयी थी, उसकी स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाया उसपर कोई जवाब नहीं आया है।




सरकार ने अपने शपथ पत्र में रांची की कुछ मुख्य सड़कों को दुरुस्त करने की बात ही कही है, इसमें खराब सड़कों लेक रोड, लालजी हिरजी रोड, विष्णु टॉकीज लेन, मधुकम रोड, सेवा सदन पथ, टैगोर हिल रोड, लालपुर- कोकर रोड आदि के मरम्मती पर सरकार चुप है। सरकार को इन बदहाल सड़कों की स्थिति पर अपना जवाब दाखिल किया जाना चाहिए था। प्रार्थी ने कोर्ट को यह भी बताया कि रांची की मुख्य सड़कों को छोड़कर सभी सहायक सड़कों की हालत खराब है। खासकर बड़ा तालाब के चारों ओर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस रूट से मरीज को लेकर एंबुलेंस को आने में काफी परेशानी होती है। इसी तरह रांची में लेक रोड, लालजी हीरजी रोड, कोकर रोड, गाड़ीखाना से मधुकम रोड, इंद्रपुरी रोड, अपर बाजार रोड बदहाल स्थिति में है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। इन सड़कों पर मानसून और हल्की बारिश में भी जल जमाव से स्थिति बिगड़ जाती है। आये दिन इन सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है।

इन बदहाल सड़कों की मरम्मति के लिए रांची नगर निगम और पथ निर्माण विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। इसके बनने के बाद छह माह बाद ही इन सड़कों की हालत फिर से जर्जर हो जाती है। खासकर अपर बाजार में स्थिति बहुत ज्यादा खराब है, क्योंकि यहां ट्रैफिक का दबाव बहुत ज्यादा है।

# बेटियां बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर : चमरा लिंडा

- अब सिर्फ शादी तक सीमित नहीं रहेगी लोगों की सोच
- राजकीय पिछड़ी जाति +2 बालिका उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से किया संवाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को राजधानी रांची के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें झारखंड सरकार की विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छे से पढ़ना है, डॉक्टर, इंजीनियर बनना है। अब वह सोच नहीं रहेगी कि लड़कियां बस शादी करके किसी और के घर चली जायेंगी। हर क्षेत्र में आज महिलाएं पुरुषों के बराबर खड़ी हैं।

इस मौके पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिर्माणाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध करायी जाये।

मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत-जैसे कि किताबें, ड्रेस, हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन करें और अपने घर-समाज और राज्य का नाम रौशन करें। राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह औचक निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकार की योजनाओं के जमीनी प्रभाव का आकलन हो सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास संभव है। आने वाले समय में ऐसे विद्यालयों और छात्रावासों की संख्या एवं गुणवत्ता में और सुधार लाया जायेगा।

# झारखंड में औपचारिकता बनकर रह गयी है टेंडर प्रक्रिया : बाबूलाल

- जेएसएससी पेपर लीक मामले में सीबीआइ जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में टेंडर प्रक्रिया और प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में टेंडर केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जिससे भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भवन निर्माण विभाग ने सिमडेगा में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए 5 अप्रैल को टेंडर जारी किया और महज दो दिन बाद, 7 अप्रैल को निविदा खोलने की तिथि तय कर दी।

उन्होंने कहा है कि गौर करने वाली बात यह है कि छह अप्रैल को रामनवमी का पर्व था और रविवार की छुट्टी भी। ऐसे में किसी भी इच्छुक संवेदक के लिए केवल एक दिन में आवश्यक दस्तावेज तैयार करना और निविदा प्रक्रिया में शामिल होना लगभग असंभव है।

बाबूलाल ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है और ऐसा प्रतीत होता है कि टेंडर पहले से ही किसी खास वर्ग या चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तय किया गया था।

उन्होंने कहा कि मैं पहले भी कई बार यह मुद्दा उठा चुका हूं कि अधिकांश टेंडर पहले से फिक्स होते हैं, जिससे घटिया निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार को खुला बढ़ावा मिल रहा है।

उन्होंने डीसी सिमडेगा से कहा है कि इस टेंडर को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी इच्छुक प्रतिभागियों को समान अवसर देने वाली प्रक्रिया के तहत पुनः जारी किया जाये, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और गुणवत्ता से समझौता न हो।

**आदिवासी समाज के अस्तित्व से समझौता कर लिया :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हेमंत सरकार ने अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति के चलते आदिवासी समाज के अस्तित्व से समझौता कर लिया है। संथाल परगना में घुसपैठियों को नागरिकता देकर वहां की परंपरा, संस्कृति और पहचान को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। रामनवमी जुलूस में बाधा पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों को भी वोटबैंक की राजनीति के तहत संरक्षण दिया जा रहा है।

## राज्य सरकार सीबीआइ जांच का दे आदेश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सबूत के तौर पर जो स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराये थे, फॉरेंसिक जांच में वो सही पाये गये हैं। जेएसएससी की ओर से पेपर लीक मामले की लीपापोती करने का प्रयास विफल हो गया है। पूर्व में अधिकारियों ने बगैर किसी जांच के हेमंत सोरेन का दामन बचाने के लिए छात्रों को ही झूठा बता दिया था। फॉरेंसिक जांच ने सच्चाई सामने ला दी है। भ्रष्ट अधिकारियों और हेमंत सोरेन के करीबी मित्रों तक के तार पेपर लीक घोटाले से जुड़े हैं। राज्य सरकार सीबीआइ जांच का आदेश देकर इस संगीन मामले का पटाक्षेप करे।

# जयराम महतो ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ दर्ज करायी एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी विधायक जयराम महतो ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ बोकारो थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। जयराम महतो का आरोप है कि श्वेता सिंह के समर्थकों ने उन्हें रोका, उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उनकी गाड़ी तोड़ दी।

**क्या है पूरा मामला :** जयराम महतो ने अपनी शिकायत में बताया है कि 3 अप्रैल को बोकारो में प्रदर्शन कर रहे विस्थापित युवाओं पर लाठीचार्ज में प्रेम महतो की मौत हो गयी थी। इसके बाद वह बोकारो जनरल हॉस्पिटल में मृतक के परिजनों से मिलने गये थे। जब वह प्रदर्शनकारी युवाओं के पास पहुंचे, तो श्वेता सिंह अपने



समर्थकों के साथ वहां मौजूद थीं।

**एफआइआर की धाराएं :** जयराम महतो की शिकायत पर श्वेता सिंह के खिलाफ धारा 131, 191, 190, 126(2), 115(2) और 324(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जयराम महतो ने कहा कि वह विधायक से पहले पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में किसी की ताकत नहीं है कि उन्हें कहीं आने-जाने से रोक सके।


**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, रांची
संदर्भ सं.:- RO JH-18.0020.0/1/2022-Con -RO JH दिनांक: 09.04.2025
**निविदा आमंत्रित करने की सूचना**
(https://gem.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना है)
(निविदा सूचना सं.:–REGULAR/05/2025)
भारतीय खाद्य निगम की ओर से महाप्रबंधक (क्षेत्र), झारखंड के द्वारा, पी.ई.जी. चाईबासा में दो वर्षों के लिए नियमित हथलन एवं परिवहन संवेदक के नियुक्ति हेतु ई–निविदा GeM Portal (https://gem.gov.in) के माध्यम से दो–बोली निविदा प्रणाली के अंतर्गत आमंत्रित की जा रही है। विस्तृत जानकारी तथा निविदा प्रपत्र https://gem.gov.in or www.fci.gov.in. से प्राप्त किया जा सकता है ।
ह०/- सहायक महाप्रबंधक(संविदा)
कृते महाप्रबंधक(क्षेत्र)



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**
निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–18–2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–18–2025, कार्य का नाम : राँची मंडल के कार्यक्षेत्र में दो वर्ष के लिए जल जमाव प्रवृत्त वाले 11 एलएचएस में जल निकासी (डिवाटरिंग) (राँची–टोरी शाखा के बीच आरयूबी नं. 72ए, 9ए, 57ए, 73ए, मुरी–हटिया शाखा के बीच आरयूबी नं. 175ए, 164ए, 184ए, 371ए और मुरी–कोटशिला शाखा बीच आरयूबी नं. 124ए, मुरी–बरकाकाना शाखा के बीच आरयूबी नं. 469ए और चाण्डिल–मुरी शाखा के बीच आरयूबी नं. 412ए)। निविदा मूल्य: रु. 98,50,383.50, बयाना राशि: रु. 1,97,000/- निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 28.04.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए बेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-31)

## हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न

# डीसी-एसपी ने हजारीबाग वासियों का जताया आभार

**मीडिया ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, उसे भी दिल से आभार: डीसी**

**आइजी, डीआइजी के गाइडेंस और उपायुक्त के अनुभव के कारण शांतिपूर्वक रामनवमी का समापन हुआ: एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की सुविख्यात रामनवमी का शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर डीसी और एसपी ने हजारीबाग के समस्त जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता का मूल मंत्र बताया। डीसी नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को तहे दिल से धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि 2025 की रामनवमी व्यक्ति गत रूप मेरे लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। लगातार चार रामनवमी का आयोजन कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का निर्वहन करने का दायित्व भी था। हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है, सभी को दिल से आभार। पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओं को आमजन तक पहुंचाया उनका भी सहयोग सराहनीय है। एसपी ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग, अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी, पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार। उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र, विभिन्न अखाड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति, महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर डीसी एसपी ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।



## भक्ति जागरण व आर्केस्ट्रा में झूमे दर्शक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बासंती दुर्गापूजा के अवसर पर मरकच्चो में मंगलवार की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति जागरण और आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी मरकच्चो नन्दकिशोर तिवारी, समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। पूजा समिति की ओर से उपस्थित अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर के कामकाज से लोग थक जाते हैं। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों को आनंद की प्राप्ति होती है। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आसनसोल के लखन म्यूजिकल ग्रुप की ओर से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। आर्केस्ट्रा टीम के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं नृत्यांगनाओं ने खोरठा, भोजपुरी व हिंदी गानों पर रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत कर सैकड़ों दर्शकों को बांधे रखा। इस अवसर पर रविशंकर तिवारी मंटू, मनोज सिंह, रवींद्र पांडे, सतीश सिंह, प्रदीप सिन्हा, प्रो शिव नारायण ठाकुर, अनील सिंह, निरंजन पांडे, दिगम्बर सिंह, अधीन पांडे, नकुल यादव, दामोदर विश्वकर्मा, सरयु पासवान, बद्री यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।


## सांसद ने रामनवमी शांति के साथ संपन्न होने पर दी बधाई



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग की ख्यातीपूर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2025 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम- आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस-मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग रामनवमी की परंपरा वर्तमान वर्ष पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झांकियों के अवलोकन के लिए विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। हजारीबाग के जन-जन रामधुन में रमें रहें और कण-कण में श्री राम नाम गुंजायमान होती रही। उन्होंने बिना किसी विवाद या अप्रिय घटना के पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कला कौशल प्रदर्शन के वैभव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने के लिए हजारीबाग के रामभक्तों और श्रद्धालुओं को साधुवाद भी दिया।

## रामनवमी हमारी सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है: विधायक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप इस वर्ष रामनवमी शोभायात्रा अत्यंत भव्य, अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने समस्त हजारीबाग वासियों, रामभक्तों, आयोजन समिति और प्रशासन औा मीडिया को हार्दिक बधाई और आभार प्रकट किया। विधायक श्री प्रसाद ने कहा रामनवमी सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है। इस बार हजारीबाग ने जिस उत्साह, एकजुटता और अनुशासन के साथ इस आयोजन को संपन्न किया, वह पूरे राज्य के लिए एक मिसाल है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी अखाड़ाधारी वीरों, क्लब प्रतिनिधियों, रामनवमी महासमिति के समर्पित सदस्यों, सामाजिक संगठनों, सेवा में तत्पर अस्पताल



कर्मियों, जिला प्रशासन, पुलिस बल और मीडिया कर्मियों के प्रति विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

## कांग्रेस नेता ने रामनवमी की सफलता पर दी बधाई

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। इंटरनेशनल रामनवमी के ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को लेकर हजारीबाग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने समस्त राम भक्तों, आयोजन समिति, जिला प्रशासन और आम नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुन्ना सिंह ने कहा कि हजारीबाग की धरती ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया है कि यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भी एक जीवंत केंद्र है। उन्होंने कहा, यह आयोजन आस्था, अनुशासन और एकता की मिसाल है, जहां हर वर्ग, हर समुदाय ने एक साथ मिलकर भक्ति, भाईचारे और व्यवस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने रामनवमी महासमिति, जिला प्रशासन, पुलिस बल, नगर निगम, स्वयंसेवकों और समस्त आयोजन समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और कुशल समन्वय के बिना यह आयोजन इस स्तर की



सफलता प्राप्त नहीं कर सकता था।

## क्रिकेट में कोडरमा नित्य नयी ऊंचाइयों को छू रहा है : डॉ नीरा यादव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में जमशेदपुर और लातेहार के बीच मैच खेला गया। मैच के शुरूआत में दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कोडरमा विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि जेएससीए द्वारा इस प्रकार के आयोजन की जिम्मेवारी कोडरमा को दी जाती है जिसे कोडरमा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सफलतापूर्वक निर्वहन भी किया जाता है। यहां के खिलाड़ियों ने स्टेट लेवल पर अपनी प्रतिभा दिखाकर एक नई पहचान बनाई है। क्रिकेट में कोडरमा नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लड़के-लड़कियों को भी इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए लातेहार ने 30.4 ओवर में अपने सभी विकेट होकर 145 रन बनाये। जिसमें अमित मुंडा ने 45 रन हिमांशु ने 29 रन और कृष्ण ने 23 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए जमशेदपुर की ओर से युवराज ने 5 विकेट, सुशांत ने तीन और शिवम तथा प्रभजोत ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी जमशेदपुर की टीम 27.4 ओवर में विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जमशेदपुर की ओर से यशराज ने 59 रन श्रेयांश ने 29 रन और रुद्र ने 20 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए लातेहार की ओर से विजय रोहित ने दो विकेट और अमित मुंडा और कौशल ने एक-एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए युवराज सिंह को मैन ऑफ द मैच जेएससीए मैनेजिंग कमेटी सदस्य और लाइजन अफसर अवधेश कश्यप के हाथों दिया गया।

## बड़कागांव के विभिन्न गांवों में लहंगा का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बड़कागांव के विभिन्न गांव में बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें बड़कागांव, पड़रिया, चोरका, जमनीडीह, आराहारा, लगातू, जुगरा, चेपा कला आदि गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। जो नियमित रूप से जारी रहेगा। मौके पर विधानसभा विधानसभा प्रतिनिधि पूनम शाह, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सिद्धार्थ कुमार मौजूद थे।

## सैनिक स्कूल में अखिल भारतीय प्राचार्य सम्मेलन संपन्न




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय प्राचार्य सम्मेलन का दूसरा दिन, एणार्कुलम सैनिक स्कूल की प्राचार्या के स्वागत संबोधन के साथ शुरू हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी ने सर्वप्रथम नवनिर्मित प्राचार्य-गण से ई-माध्यम से औपचारिक मुलाकात की तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य प्राचार्य-गण व अन्य समस्त नवउद्घाटित सैनिक स्कूलों के प्राचार्य-गण से ऑनलाइन माध्यम से एजेंडा विंदुओं पर जानकारी प्राप्त की और वस्तुस्थिति की समीक्षा की। प्राचार्य सैनिक स्कूल कालीकिरी के द्वारा सैनिक स्कूल शिक्षा तंत्र में लीवरएजिंग डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स की उपादेयता पर, सभा के साथ चर्चा हुई और सैनिक स्कूलों में आगामी भविष्य की शिक्षा-तकनीकि से जुड़ी उपादेयता पर विचार-विमर्श किया गया। भविष्योन्मुखी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रयोगधर्मी उत्पादकता से जुड़े एजेंडा विंदुओं पर, सारे दिन समीक्षा व चर्चा का क्रम जारी रहा। दिन के उत्तरार्ध में संयुक्त सचिव ने अपनी समीक्षा-चर्चा के उपरांत सभी आगंतुक गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद देते हुए ह्यस्मृति-चिह्नह्न प्रदान किया और प्राचार्य सैनिक स्कूल तिलैया, कर्नल एस मोहनराव आर. ने पधारे गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## डॉ बिमल कुमार मिश्रा को जर्मनी सरकार से मिला पेटेंट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आदर्श कॉलेज, राजधनवार के प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्रा को आठ अप्रैल 2025 को जर्मनी सरकार द्वारा एक विशिष्ट पेटेंट प्रदान किया गया है। यह पेटेंट इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स के क्षेत्र में मरीजों के डाटा को सुरक्षित रखने के लिए आर्टिफिशल इन्टेलिजेन्स, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी और मैथेमेटिक्ल मॉडल के अभिनव समन्वय पर आधारित उनकी नवीनतम खोज के लिए दिया गया है। इससे पूर्व मिश्रा को ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और भारत सरकार से भी पेटेंट प्राप्त हो चुके हैं। यह उनकी शोध उपलब्धियों का आठवां पेटेंट है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके अनुसंधान की उपयोगिता और स्वीकार्यता को दर्शाता है। प्रो मिश्रा ने बीट्स पिलानी और बीआइटी मेसरा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में गणित विभाग में प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष के रूप में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। वे अब तक 27 पीएचडी शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके हैं और उनके 135 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उनके शोध कार्यों को 3300 से अधिक बार उद्धृत किया गया है और उनका एच-इन्डेक्स 26 और आई 10-इन्डेक्स 63 है। उल्लेखनीय है कि डॉ मिश्रा को दो बार विश्व के श्रेष्ठतम 2प्रतिशत गणित वैज्ञानिकों में स्थान मिल चुका है, जो उनके वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली योगदान को रेखांकित करता है। डॉ. मिश्रा हजारीबाग के मटवारी मुहल्ला निवासी हैं और सुप्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो. डॉ. बी. एन. मिश्रा के सुपुत्र हैं।

## मरकच्चो में वज्रपात से आठ बच्चे घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत के ग्राम लल्कापानी में संचालित निजी विद्यालय संत मौर्या पब्लिक स्कूल के आठ बच्चे बुधवार को वज्रपात होने से घायल हो गये हैं। घायल छात्र-छात्राओं का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा और डॉ श्रीकांत कुमार के द्वारा इलाज किया गया। घायल बच्चों में रोशनी कुमारी उम्र 10 वर्ष कक्षा 6, रिया कुमारी उम्र 6 वर्ष कक्षा 1, सुजाता कुमारी उम्र 15 वर्ष कक्षा 10, अंशिता कुमारी उम्र 11 वर्ष कक्षा 6, अंजुमन खातून उम्र 15 वर्ष कक्षा 10, प्रिया कुमारी उम्र 10 वर्ष कक्षा 6, संजना कुमारी उम्र 8 वर्ष कक्षा नर्सरी, रितेश यादव उम्र 6 वर्ष कक्षा यूकेजी जो वज्रपात से घायल हो गये। मिली जानकारी अनुसार घायल बच्चे एक ही क्लास रूम में लोहे के बने बेंच पर बैठे हुए थे। उक्त क्लास रूम में खिड़की खुला हुआ था जिसके कारण वज्रपात की बिजली खिड़की के द्वारा लोहे के बेंच से बिजली का झटका बेंच पर बैठे बच्चो को लगा जिससे बच्चे घायल हो गये। खबर की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो ने अस्पताल पहुंचकर घायल छात्रों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर के अनुसार सभी छात्र-छात्राएं ठीक हैं। रेफर करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि बीइओ को उक्त विद्यालय का जांच का निर्देश दिया गया है।

## बीइओ को अतिरिक्त प्रभार मिलने पर शिक्षकों ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश अनुसार झारखंड राज्य के सभी जिलों में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की कमी को देखते हुए जनहित और लोकहित में राज्य के शैक्षणिक और गुणवत्ता के बरकरार रखने के लिए राज्य शिक्षा सेवा वर्ग 2 के पदाधिकारी को भी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अपने कार्यों के अतिरिक्त जवाहर प्रसाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के वित्तीय और पर्यवेक्षक संबंधी कार्यों के निष्पादन हेतु अगले आदेश तक पदस्थापित / प्रतिनियुक्त किया गया है। बीइओ जवाहर प्रसाद प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव में पद स्थापित है। इन्हें प्रखंड संसाधन केंद्र केरेडारी और प्रखंड संसाधन केंद्र कटकमदाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताते चले कि इनका सेवानिवृत्त की तिथि 31 नवंबर 2025 है। इधर इनका अतिरिक्त प्रभार मिलने पर प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ बड़कागांव के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, सचिव पारस प्रसाद, जलाल सागीर, अमृत राणा, हरिशचंद्र प्रसाद, गंगाधर लोहरा, कृष्ण दयाल महतो, रंजीत प्रसाद सिंहा, नरेश यादव, सुबोध नायक, मोहम्मद रूहुल्ला, बालेश्वर साव, मोतीलाल गिरी, दीपक कुमार, वीरेंद्र साव, द्वारिका महतो, इंदु देवी, रानी गुलनार बेगम, पूनम देवी, प्यारी तिर्की, माधुरी देवी, त्रिभुवन महतो, अशोक कुमार सिंह, रोहित यादव, अरविंद सिंह, कर्पुरी ठाकुर, महावीर गांझू, अलोमनी एक्का, प्यारी तिर्की, सहित प्रखंड के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी है।

## शोकाकुल परिवार से मिले विधायक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो में ट्विंकल स्टार झरपो के व्यवस्थापक सरयू प्रसाद की माता उर्मिला देवी के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित किया और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि भगवान की बनाया हुआ हमलोग कठपुलती है उनका खेल निराला है मृत्यु ही सत्य है और शरीर नश्वर है आना जाना लगा रहता है। भगवान मृत आत्मा को शांति और सद्गति प्रदान करें। श्रंद्धाजलि अर्पित करने में उपप्रमुख रवि वर्णवाल, खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, राजकुमार सिंह, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, बद्री साव, अजय कुमार, विनय दास, विजय कुमार, दयाल प्रसाद, अजय कुमार, शानू पंडा, बालेश्वर महतो, राजेंद्र प्रसाद, प्रकाश महतो, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोगों ने श्रंद्धाजलि अर्पित किया।

# झुमरीतिलैया में चूहा-बिल्ली के खेल में सिमट कर रह गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया शहर में अतिक्रमण हटाओं अभियान चुहा बिल्ली के खेल में सिमट कर रह गया। मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर झुमरीतिलैया शहर के झंडा चौक से स्टेशन रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान में ठेला, खोमचा और फूटपात पर बेतरतिब तरीके से लगने वाले फुटपाथी फल, सब्जी विक्रेताओ को हटाते हुए कड़ी हिदायत दी गयी थी। बुधवार को फिर से फुटपाथी



विक्रेताओं द्वारा ठेला, खोमचा और बाजार लगाकर नगर पर्षद को खुला चुनौती दे डाला। शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान सिर्फ खानापूर्ति के लिए की जाती है। अतिक्रमण के सारे दावे झुमरीतिलैया शहर में दम तोड़ देती है, इसके पीछे लोगों में जागरूकता की कमी है। 70 प्रतिशत गैर मजरुआ जमीन होने के जिला प्रशासन अब तक अपनी जमीन चिन्हीत नहीं करा पायी। जिसके कारण नगर परिषद क्षेत्र में वेंडिंग जोन नहीं बना सका। जिसका नतीजा यह है कि लोग फुटपाथों का अतिक्रमण कर बाजार सजाये बैठे हैं। जिससे आज तक लोगों को जाम से मुक्ती नहीं मिल सकी। सिर्फ अधिकारियों के आने पर सड़कों से अतिक्रमण मुक्त कराया जाता है। नगर पर्षद अब तक अतिक्रमण का दायरा तय नहीं कर सका है। पर्षद झंडा चौक से स्टेशन रोड तक ही अतिक्रमण का दायरा मानती है, क्योकि नगर पर्षद को जाम सिर्फ झंडा चौक से स्टेशन रोड तक ही दिखायी देती है। जबकि अतिक्रमण के दायरे में शहर का कई इलाका शामिल है। इसमें रांची पटना रोड में अस्थायी सरकारी बस पड़ाव के अलावा रजगढिया रोड, डॉक्टर गली, हटिया रोड, खुदरा पट्टी, भदानी रोड, अड्डी बंगला रोड और पानी टंकी रोड में हमेशा अतिक्रमणकारियों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

# दिनदहाड़े दो घरों से 12 लाख रुपये के जेवरात और एक लाख नगद की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के विशुनपुर रोड के फुटानी चौक स्थित गंगोत्री अपार्टमेंट में चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान अपार्टमेंट में एक साथ दो फ्लैट को चोरों ने अपना निशाना बनाया। बताया जाता है कि इस दौरान दोनो घरों से चोरों ने 12 लाख के जेवरात समेत एक लाख नगद रुपये की चोरी की है। घटना सोमवार की दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। इधर घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार दोनों घरों के लोग घटना के समय घर पर नही थे। इस बाबत पीड़ित विमला देवी ने बताया कि जब बुधवार को घर आई, तो ताला टूटा हुआ था। जब रूम में जाकर देखा तो मेरा और बहु के सोने का जेवरात और कुछ नगद पैसे गायब थे। वही दूसरे पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि हमलोग किसी काम से धनबाद गये हुए थे। मंगलवार की सुबह जब दूध वाला दूध देने आया था, तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। जिसकी सूचना मिलने पर मैं घर आया तो घर में रखे जेवरात और नगद पैसे गायब थे। सीसीटीवी को चेक करने पर पता चला की दिन में चोरो ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है। बहरहाल दिनदहाड़े चोरी की घटना से आसपास के लोगों में भय का माहौल है।

# डीसी ने पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को किया रवाना

**जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा आदि शामिल करने के प्रति जागरूक किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** पोषण पखवाड़ा के तहत बुधवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने समाहरणालय परिसर से पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उक्त मौके पर पोषण पखवाड़ा से संबंधित शपथ भी लिया गया। मौके पर ने उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की से पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत किये जा रहे कार्यों और जागरूकता रथ के रोस्टर के संबंध में जानकारी ली। जागरूकता रथ के द्वारा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण व अन्य को पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। साथ ही जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा आदि शामिल करने के प्रति जागरूक किया जायेगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी को पोषण पखवाड़ा का शपथ दिलाया। साथ ही पोषण पखवाड़ा 2025 हस्ताक्षर बोर्ड पर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने हस्ताक्षर कर सही पोषण देश रौशन का संदेश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा समेत अन्य मौजूद रहे।

## बाल संसद गोष्ठी का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। गांधी मेमोरियल मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को प्रोजेक्ट संपूर्णा के तहत बाल संसद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संसद के सदस्यों का उनके विद्यालय विकास में योगदान के लिए उनकी भूमिका को चिन्हित करना और पहचान देना था। कार्यक्रम में ज़िले के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने अपने बाल संसद के अनुभव को साझा किया। ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने छात्रों के इस अनुभव की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी बबीता कुमारी ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और अपना बहुमुखी विकास करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि प्रोजेक्ट संपूर्णा जो हर्ष जोहार कार्यक्रम के नाम से भी प्रचलित है जिसका उद्देश्य बच्चों में सामाजिक भावनात्मक कौशल को विकसित करना है। बाल संसद विद्यालय में सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान बाल संसद के सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए ज़िला अधिकारियों द्वारा प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर एडीपीओ नलिनी रंजन, आरइओ बबीता कुमारी, प्रोजेक्ट संपीड़न से मनीष कुमार, पार्थी मिश्र, राखी कुमारी, सरिता सिंह और सत्यजीत कुमार मौजूद थे।

## विधायक ममता देवी कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुईं शामिल



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विधायक ममता देवी गुजरात के अहमदाबाद स्थित ऐतिहासिक साबरमती तट पर आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेकर झारखंड और रामगढ़ का मान बढ़ाया। यह अधिवेशन कांग्रेस संगठन के भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें देशभर के वरिष्ठ नेता, प्रदेशों के प्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और अन्य सभी इकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अधिवेशन में ममता देवी की गरिमामयी उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि झारखंड की राजनीतिक चेतना और महिला नेतृत्व अब राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है। विधायक ममता देवी ने अधिवेशन के दौरान विभिन्न सत्रों में भाग लिया और संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय तथा झारखंड के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोड़ने वाली है और आज के दौर में ऐसी राजनीति की जरूरत है, जो आम जन की आवाज को न सिर्फ सुने, बल्कि उसे आगे भी बढ़ाए।

## परियोजना प्रमुख ने उन्नत जीवन रक्षक एंबुलेंस का किया उद्घाटन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) पतरातू में एक उन्नत जीवन रक्षक एंबुलेंस का उद्घाटन परियोजना प्रमुख आरके सिंह द्वारा किया गया। बताया गया कि यह एंबुलेंस स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जो गंभीर रोगियों को त्वरित और सुरक्षित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सहायक होगी। इस अत्याधुनिक एंबुलेंस में कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, इंजेक्शन पंप सहित कई आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाये गये हैं, जो आपातकालीन स्थिति में गंभीर मरीजों को तृतीयक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तमन्ना मिश्रा महाप्रबंधक, देवदीप बोस अनुपम मुखर्जी सहित कई मौजूद थे।

## निष्ठा ने प्लेसमेंट ड्राइव कर किया प्रमाणपत्र वितरण



कुजू (आजाद सिपाही)। निष्ठा कौशल प्रशिक्षण केंद्र, डटमामोड़ कुजू में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कौशल सह नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रोजेक्ट सहायक कुलदीप सिंह, चेन्नई के सहाना क्लॉथिंग मैनेजर डॉ अल्लू, मारुति सुजुकी मैनेजर सौरभ कुमार, ओरिएंट क्राफ्ट मैनेजर नीरज ठाकुर शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह और संचालन प्रियांशी गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा सिलाई कढ़ाई में तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी दो सौ युवतियों को प्रमाण पत्र सौंपा गया। साथ ही, चेन्नई से आए सहाना क्लॉथ कंपनी द्वारा 12 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया गया। जो आगामी 14 अप्रैल को चेन्नई के लिए रवाना होंगे। वहीं, चेन्नई से कार्य कर लौटी युवतियों ने अपना अनुभव साझा किया। मौके पर मनोज मंजीत ने कहा कि सरकार युवतियों को प्रशिक्षण दिलाकर प्लेसमेंट ड्राइव के तहत रोजगार मुहैया कराने का प्रयासरत है। ऐसे में सरकार द्वारा स्किल अभियान के तहत युवतियों को रोजगार स्वरूप प्लेटफॉर्म मिला है, जो आर्थिक रूपी वरदान साबित होगा। वही, युवाओं का सपना मुख्यमंत्री सारथी योजना से साकार हो रहा है। इस अवसर पर चितरंजन प्रसाद, नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार, सुमन कुमारी, चांदो कुमारी, शोभा कुमारी, बबीता देवी, लक्ष्मी कुमारी, बबलू भुईयां, अरुण करमाली समेत कई युवतियां शामिल रहे।

## मध्यस्थता शिविर का किया गया आयोजन

हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में बुधवार को मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के के माध्यम से कई छोटे-मोटे मामले का निष्पादन किया गया। इस शिविर में जानकारी देते हुए पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता व सब दिलीप नामता ने बताया कि थाना क्षेत्र के दंतार, घंघरी, सलैया, पहाड़पुरा, जोरी, सलैया, सरदम, चौखला, से आए ग्रामीणों ने मारपीट, गाली गलौज, जमीनी विवाद, घरेलू विवाद समेत कई मामलों में लोगों अपना-अपना पक्ष रखा सभी पक्षों के बातों को सुनने के बाद ग्रामीणों ने मध्यस्थता निष्पादन सुलह के आधार पर कराने की अपील की और इसके लिए मध्यस्थों को बधाई दी। मध्यस्थता शिविर को सफल बनाने में वशिष्ठ नगर थाना सब इंस्पेक्टर दिलीप ने मध्यस्थता में आये सभी पक्षकारों को समझा-बुझा कर समझौता के लिए राजी किया गया।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना संघ का है उद्देश्यः एसोसिएशन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ इकाई के तत्वावधान में बुधवार को नया बस स्टैंड स्थित छावनी जनरल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में रामगढ़ ब्लड बैंक की संचालिका डॉ रेनू और उनकी टीम की देखरेख में सभी रक्तदाताओं से सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण कराया गया। शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे सुरक्षित रूप से रामगढ़ ब्लड बैंक को सौंपा गया।

**शिविर को सफल संचालन में इनका रहा योगदान :** संघ के अध्यक्ष राम निरेख दुबे, सचिव टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा और कल्याण सचिव रवि शेखर सिंह के प्रेरणा और मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव अमरजीत भारती ने संपूर्ण व्यवस्थाओं की कमान संभाली और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना है।

**शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भागः** इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और लगभग झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के सभी रजिस्टर्ड पैथोलॉजी संचालकों और टेक्नोलॉजिस्टों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रमुख रूप से अजीत कुमार मंडल, सुनील कुमार यादव, अभिमन्यु कुमार सिन्हा, विनोद कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, विवेक कुमार सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

**रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखा किया गया सम्मानितः** शिविर के उपरांत रक्तदाताओं को झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ जिला इकाई के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# शाम को टहलने गये दो बच्चे लापता

**परिजनों को सता रही अनहोनी की चिंता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज /चतरा।** थाना क्षेत्र के तिलहेत गांव के चतरीमौव टोला से बुधवार शाम लगभग 7 बजे घूमने के लिए निकले दो बच्चों के लापता होने की घटना सामने आयी है। इस घटना से परिजन और ग्रामीण काफी परेशान हैं। दोनों बच्चे पिछले सात दिनों से घर से लापता हैं। इस संबंध में दोनों बच्चों के परिजनों ने हंटरगंज थाना पहुंचकर पुलिस को इस घटना की जानकारी दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे घूमने के लिए 02 अप्रैल की शाम तिलहेत (चत्रिमौव) गांव से अपने - अपने घर से निकले थे। उसी दिन शाम से गांव से दोनों बच्चे अचानक लापता हो गये हैं। लापता हुए बच्चों में तिलहेत चत्रिमौव निवासी बाबूलाल भुईयां का 16 वर्षीय पुत्र राम बीरबल भुईयां, जो नौवीं कक्षा का छात्र है तथा इसी गांव का राजेश भुईयां का 14 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार, जो सातवीं कक्षा में पढ़ता है, दोनों उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरधरा के छात्र हैं। इधर परिजनों ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम को मजदूरी कर वापस लौटे तो बच्चों के गायब होने की खबर से परेशान हैं। एक सप्ताह काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों का कोई सुराग नहीं मिला तो इस संबंध में सुभाष के पिता राजेश भुईयां और राम बीरबल के पिता बाबूलाल भुईयां ने हंटरगंज थाने में लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाया है। दोनों का घर एक दूसरे से सटा हुआ है। सात दिनों से बच्चों के लापता रहने के कारण परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसीअनहोनी की आशंका से परिजन बेहद चिंतित हैं और प्रशासन से बच्चों को जल्द से जल्द खोजने की अपील कर रहे हैं। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है और लापता बच्चों की तलाश के लिए प्रयास कर रही है।

## विस स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन



**चतरा(आजाद सिपाही)। भाजपा जिला कार्यालय में चतरा और सिमरिया विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम प्रारंभ की गयी। इस दौरान साप्ताहिक सेवा पखवाड़ा गांव चलो अभियान रात्रि प्रवास के तहत सभी शक्ति केंद्रों पर 10 से 12 अप्रैल को आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, पशु चिकित्सालय, पीएचसी व सरकारी विद्यालयों का दौरा करने और सफाई कार्यक्रम कर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के झंडा के साथ पंचायतों में जुलूस, चौपाल और बूथ कमेटी की समीक्षात्मक बैठक करने का निर्णय लिया गया।**

## झामुमो के नये प्रखंड अध्यक्ष बने झलकू बेदिया

**पतरातू (आजाद सिपाही)। झामुमो पतरातू प्रखंड स्तरीय सम्मेलन मंगलवार को पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए झलकू बेदिया। और सचिव पद के लिए उदय अग्रवाल का चयन किया गया। चयन होने पर मुकेश राउत, संजय वर्मा, दौलत सिंह, शौकत अंसारी, सुरेश महतो, दीपक कुमार, अमित मुंडा, जग्गू घासी, वीरेंद्र यादव, कलंदर यादव, उदय मेहता, परमेंद्र ओझा, आशिया खातून, अजिमा खातून सहित अन्य झामुमू नेता और ग्रामीणों ने बधाई दी है।**

# आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मना

आजा सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस बड़े जोश, उत्साह, और उमंग से मनाया गया जिसकी नींव 10 अप्रैल 1875 ई को महर्षि दयानंद सरस्वती ने रखी थी। इसी परिप्रेक्ष्य में डीएवी विद्यालय के प्रातःकालीन बेला की प्रार्थना सभा में आर्य समाज के संस्थापक और अनुयायी महर्षि दयानंद के तस्वीर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और उपस्थित शिक्षकों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्य समाज की स्थापना जिस समय की गयी थी, उस समय के समाज का स्वरूप कुछ और था। पूरा समाज कुंठित हो चुका था। इसी कुंठा को दूर करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की गयी। समाज में फैली अंधविश्वास, कुरीतियां और भ्रष्ट आचरण से मुक्त कराने के लिए और वैदिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की गयी। सातवीं कक्षा की पल्लवी किस्कू और नवीं की हिमानी उपाध्याय ने आर्य समाज के दस नियमों पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजी और हिंदी भाषा में आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य ने उनके जीवन पर आधारित एक भजन की प्रस्तुति दी। आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है संपूर्ण संसार में मानवता का प्रसार करना, अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी को आर्य समाज के नियमों का पालन करने और स्वामी दयानंद द्वारा दिखाये गये आदर्श मार्गो पर चलने की अनुशंसा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी शिक्षक मो खालिद सरफराज ने की।

# भारत रिफ्रैक्टरीज प्लांट लिमिटेड के खिलाफ धरना 19 को, शामिल होंगे जयराम महतो

**14 सूत्री मांग को लेकर होगा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत रिफ्रैक्टरीज प्लांट लिमिटेड रांची रोड के खिलाफ धरना-प्रदर्शन आगामी 19 अप्रैल को किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में डुमरी विधायक जयराम महतो शामिल होंगे। उनके आगमन और धरना की तैयारी को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के संरक्षक शिव दयाल प्रसाद व संचालन बिनोद महतो ने किया।

बैठक में वक्ताओं ने बताया कि 14 सूत्री मांग पत्र को लेकर सेवटा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत रिफ्रैक्टरीज प्लांट लिमिटेड रांची रोड मरार सेल गेट के समक्ष एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर विस्थापित, प्रभावित और मूल रैयतों ने कहा कि कंपनी लगभग 60 सालों (1966) से संचालित है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर आज तक कंपनी ग्रामीणों के लिए कुछ भी नहीं किया है। सीएसआर के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार से भी दूर रखा गया। आसपास का क्षेत्र प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित है। इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिससे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं।

**ये है विस्थापितों की मांगे**

प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता के अनुसार स्थाई और अस्थाई रूप से नियोजन, ग्रामीणों को पीने की पानी उपलब्ध कराना, ग्रामीणों को मुफ्त बिजली मुहैया कराना, स्कूल बस की सुविधा तत्काल बंद कर दिया गया उसे पुन चालू करवाना, स्वास्थ्य की सुविधा, मुफ्त जांच और एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध कराना, प्रदूषण पर नियंत्रण यथाशीघ्र करवाना, जब भी कोई योजना की स्वीकृत हो तो संपूर्ण ग्रामीण की जानकारी में और सभी के सहमति से पास कराया जाना होगा, सेवटा ग्राम के सभी टोला एसटी, एससी और आसपास के ग्रामों से जैसे सेवटा, मरार, रौता, पोचरा, दिग्वार, पैंकिं, सुगीया, सांडी, तिलैया, बांगाबार, धनहारा आदि के सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाना ना कि किसी एक व्यक्ति के इशारे में, गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा परहरी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देना, खेलकूद और मनोरंजन आदि के लिए साधन उपलब्ध कराना, विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्षों से पूर्व जो किराया था। वहीं किराया दिया जा रहा है। जबकि आज जमीन और सभी वस्तुओं की कीमतों में 100 गुना वृद्धि हुई है। परंतु किराया आज भी वहीं दिया जा रहा है, जो भी जमीन कारखाने के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया है उसे पर किराया आज के समय अनुसार लागू किया जाए, जमीन रैयत का आधार पर रोजगार मुहैया कराना आदि शामिल है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य, विस्थावित, प्रभावित के अलावा ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के तपेज के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें तेज रफ्तार बाइक के आमने-सामने की टक्कर में चार युवक घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दो घायलों को रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल को जप्त कर थाने ले गई। घायलों में इटखोरी का रहने वाला सुरेंद्र भुइयां, चतरा नगर पर्षद क्षेत्र के जतराहीबाग निवासी जय प्रकाश मिश्रा और केसरी चौक का गोलू कुमार सोनी चतरा और पवन कुमार शामिल है।

## भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैन समुदाय के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर बुधवार को कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में 10 अप्रैल को महोत्सव धूमधाम से मनाने और जैन समाज द्वारा कई कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम श्रीजी का कलश अभिषेक और शांति धारा और नित्य पूजन की प्रक्रिया होगी। इसके तत्पश्चात 9:30 से शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। शोभा यात्रा में श्रीजी को नव निर्मित पालकी में सवार करके नगर भ्रमण कराया जायेगा। नगर भ्रमण जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मैने रोड, थाना चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड होते हुए जैन मंदिर पहुंचेगी। मंदिर पहुंचने के तत्पश्चात श्री जी का वापस जलाभिषेक किया जायेगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि सुबह के कार्यक्रमों के अलावा शाम को श्रीजी की महा आरती का भी आयोजन किया जायेगा। महाआरती के तत्पश्चात समाज के स्त्रियों और बच्चों द्वारा भव्य रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और धार्मिक क्रियो को संपादित करने के लिए हजारीबाग से पंडित दीपक शास्त्री को आमांत्रित किया गया है। कार्यक्रम के लिए भजन गायक प्रशांत जैन और उनकी पूरी मंडली को बुलाया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत प्रशांत जैन की मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। समाज के सचिव योगेश सेठी ने समाज के सभी सदस्यों से अनुरोध किया है उपरोक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी प्रदान करें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंत्री के अलावा समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाटनी, सहसचिव विकास रपरिया, कोषाध्यक्ष सौरव अजमेरा, मीडिया प्रभारी श्रवण जैन और समाज के वरिष्ठ लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान कर रहे हैं।

## गंझू टोला नवादा में लगा जलमीनार खुद पानी के लिए प्यासा



कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के नवादा गंझू टोला में हर घर नल जल योजना के तहत लगाया गया जल मीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर हर घर नल जल योजना के तहत जल मिनार लगाया गया है। जिससे लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी मिल सके। लेकिन नवादा में बने जल मिनार में एक दिन के लिए भी ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिल पाया है, ग्रामीणों का कहना है कि ठिकेदार द्वारा सिर्फ जल मिनार को किसी तरह काम पूरा कर पैसे की निकासी कर ली गयी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है और पुनः बोरिंग करके जल मिनार लगाने की मांग किया है। ताकि सभी को पीने के लिए पानी मिल सके। मौके पर सुरेश गंझू, चैतलाल गंझू, जुगेंद्र गंझू, विजय गंझू, मिथलेश गंझू, तपेसर गंझू, जगदीश गंझू, अनिल गंझू, लोधर गंझू, मणि गंझू, रजिन्दर गंझू, कुलदीप गंझू के अलावा कई अनेकों लोग मौजूद थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन का अप्रैल के अंत में सिलाई कार्य का होगा शुभारंभ



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्ज्वला फाउंडेशन की आवश्यक बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन आशा कुमारी ने की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की फाउंडेशन से जुड़ी जनकल्याणकारी कार्यों की तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए कहा कि अप्रैल माह अंत में फाउंडेशन द्वारा सिलाई का शुभारंभ कर दिया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं, सिलाई हेतु 23 सदस्यों ने कार्यालय में अपना बायोडाटा जमा किया है। इधर, सदस्यों ने हर माह 100 रुपये का बचत में जमा किया। मौके पर शांति देवी, मनसरी देवी, सोनम कुमारी, संगीता देवी, संध्या देवी, मीना देवी, प्रीति कुमारी, निक्की कुमारी, मालती देवी, नीतू देवी, आरती देवी, वीणा देवी, आरती देवी, बेबी देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 07 date 24.03.2025, I Saraswati Devi wife of Makund Ravidas Resident of village Larahi, Po.- Mandhaniya, P.s- Itkhori, Karma, District - Chatra Jharkhand - 825408 do hereby solemnly affirm and declare are follows : 1. That i am an Indian Citizen. 2 . That I am Residing at my Afore side address. 3. That My Actual Name is saraswati Devi Mentioned to may voter ID Vide no. MNK2332120. & Bank Account in SBI Karma Branch & Gramin Bank Itkhori Chatra A/C 22021855121
4. That my nick name sahodri Devi has been entered in my aadhar card by mistake vide Aadhar No. 2472 1647 6198.
5. That my name Saraswati Devi & Sahodri Devi Is same and one Person.
6. That i will be know by my actual name saraswati devi for ever and every where since today also i will do my signature in my actual name which shall also published in news paper & Gazette to for my further identification as such this affidavit.
7. That above statement are ture and genuine if any found untrue i shall be responsible

# राज्यपालों की भूमिका

तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला राज्य और राज्यपालों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों के समाधान की दिशा में अहम कदम है। शीर्ष अदालत ने एक बार फिर से राज्यपालों की भूमिका स्पष्ट की है। यह फैसला आने वाले वक्त में एक नजीर बनेगा और उम्मीद है कि टकराव के रास्ते से हटकर राज्य सरकारें और राज्यपाल मिलकर काम करेंगे।

**पुराना विवादः** तमिलनाडु सरकार को इसलिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा था, क्योंकि राज्यपाल ने कई विधेयक लंबे समय से रोक रखे थे और उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजा था। कोर्ट ने इसे अवैध और विधिक रूप से त्रुटिपूर्ण बताया। इसी तरह का विवाद पिछले साल केरल में भी हुआ था। तब राज्य की डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगायी थी कि तत्कालीन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कई बिल दो साल तक लटकाये रखे और फिर उसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया।

**नसीहतों का असर नहींः** देश की शीर्ष अदालत पहले भी कह चुकी है कि राज्यपाल विधानसभा में पारित किसी विधेयक को हमेशा के लिए अपने पास रोक कर नहीं रख सकते। उन्हें उस पर फैसला लेना ही होगा। अफसोस कि पिछली किसी नसीहत का कोई असर नहीं दिखा। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को ताजा मामले में वही बातें फिर से दोहरानी पड़ी हैं। फैसले का यह बिंदु बेहद अहम है कि राज्यपालों को किसी बिल पर एक से तीन महीने में फैसला ले लेना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर फैसला सुनाते हुए राज्यपालों की भूमिका को स्पष्ट किया है। अदालत ने कहा है कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते, उन्हें एक से तीन महीने में फैसला लेना होगा। यह फैसला राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव कम करने में मददगार होगा।**

**टकराव की वजहः** देश में राज्य और राज्यपालों के बीच विवाद का इतिहास बहुत पुराना है। मामला केवल विधेयकों को मंजूरी देने तक नहीं है। नियुक्तियां, निर्णय, अधिकार और शक्तियां - कई मुद्दों पर दोनों में टकराव होता रहा है। हाल में इसका सबसे बड़ा उदाहरण पश्चिम बंगाल और दिल्ली रहे। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की पहले जगदीप धनखड़ और अब सीवी आनंद बोस के साथ कभी पटरी नहीं बैठी। वहीं, दिल्ली में आप सरकार के कार्यकाल में एलजी के साथ कई बार मतभेद हुए।

**राजनीति न होः** साल 1959 में गवर्नर की रिपोर्ट पर केंद्र ने केरल की नंबूदरीपाद सरकार को बर्खास्त कर दिया था। वह पहला मामला था, और जब से राज्यपालों की नियुक्तियां राजनीतिक होने लगीं, टकराव बढ़ने लगा।

**परंपरा का पालनः** नवंबर 2023 में पंजाब सरकार और राज्यपाल के बीच हुए विवाद की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था, 'हमारा देश स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए।' राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के नाते परंपराओं की सुरक्षा राज्यपाल की ज्यादा जिम्मेदारी है। संविधान में केंद्र और राज्यों के बीच विधायी, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है। राज्यपाल को इनका अनुपालन करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आये। ये तमाम कत्ल 19 अलग-अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरे और चौथे नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी, वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे।**

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

योगेंद्र सिन्हा



**स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आइआइपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं, जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं, जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं।**

**विश्व** को 'वसुधैव कुटुंबकम' की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिंदगी में बढ़ता दखल पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिला कर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला। वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी लाश को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिला कर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जाकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या पारिवारिक सदस्य ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर 11वें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

**सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ अफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या पारिवारिक सदस्य ने ही किये थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जरनल लैसेंट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े छह फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं।, इसका आंकड़ा चौंकानेवाला है। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते, बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं, उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आये। ये तमाम कत्ल 19 अलग-अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरे और चौथे नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी, वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल दो हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाये हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ायें, तो साफ पता चलता है कि जैसे-जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा, पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत सात से आठ फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। इनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में आठ हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की, जबकि इश्क के चलते सात हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक चार फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारीरिक तौर पर चोट पहुंचाती हैं। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आइआइपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं, जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं, जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आइआइपीएस की ये रिपोर्ट यह भी कहती है कि एकल परिवार में पति-पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं, जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति-पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आये थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आये। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है, लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन और ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं, तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा, जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# न्याय के लिए अंचल का चक्कर लगा रहे हैं ग्राम प्रधान

**सीओ साहेब ही बताये बुरुहातु पंचायत के ग्राम प्रधान कौन : बलभद्र गोराई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के बुरुहातु पंचायत में 77 वर्षीय ग्राम प्रधान बलभद्र गोराई बीते 19 वर्ष से ग्रामीणों के लिए एक मिसाल हैं। ग्राम प्रधान की वर्सो से संघर्षशील कहानी क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए प्रेरणा दायक है। बलभद्र गोराई ने बताया वर्ष 2006 से बुरुहातु पंचायत में ग्राम प्रधान के रूप में कार्यरत है। ग्राम प्रधान होने के नाते गांव के विकास में हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2006 से गांव में शिक्षा, कृषि, स्वच्छता, सार्वजनिक सुविधाएं, स्वास्थ, वृद्धा और विधवा पेंशन जैसी सरकार के योजनाओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते रहे। लेकिन सीओ साहब का कहना है ग्राम प्रधान कोई और है। जबकि इसके लिए कई बार लिखित आवेदन देकर जांच की मांग करते रहे। लेकिन आज तक न कोई कार्यवाही हुई, न ही अंचल अधिकारी बुरुहातु गांव में जांच के लिए पहुंचे। दो वर्षो से आज तक जब भी सीओ से मिले सिर्फ आश्वासन देते रहे। दुर्भाग्य की बात ही बीच मे कुछ माह का भुगतान राशि भी नही मिला। अब ग्रामीणों को न्याय दिलाने वाले खुद न्याय की आस में दो साल से अंचल कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक चक्कर काट रहे हैं। श्री गोराई ने आरोप लगाया वर्तमान अंचल अधिकारी जान बूझकर उनका नाम हटाया और पुनः नियुक्ति तथा मानदेय के लिए कार्यालय में पैसे की बात सामने आरही है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीण आज भी उन्हें ग्राम प्रधान ही मानते हैं। ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर से ग्रामीणों को सरकारी सुविधा भी मिल रही है। उन्होंने कहा सीओ साहेब बताये बुरुहातु पंचायत में ग्राम प्रधान कौन है।

ग्राम प्रधान बलभद्र गोराई ने बताया ग्राम प्रधान होने के बावजूद मेरे साथ अन्याय हो रहा है। मजबूर होकर बर्तमान में टेंपू चलाकर 9 सदस्यीय परिवार की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। अगर न्याय नही मिला तो जरूरत पड़ने पर विधानसभा और लोकसभा में भी अपनी बात उठायेंगे। उसके बाद भी अगर न्याय नही मिली तो अंत मे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होंगे। हालांकि ग्राम प्रधान की पीड़ा सुनने के बाद मीडिया प्रतिनिधि सीओ कार्यालय पहुंचे लेकिन सीओ उपस्थित नहीं रहे। वैसे बलभद्र गोराई की यह संघर्षशील कहानी एक प्रेरणा है, जो सिस्टम से लड़कर अपने हक और न्याय की मांग करना सिखाती है।

# पूर्वी सिंहभूम के सभी प्रखंडों में कांग्रेस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेताओं को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रखंडों में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति आगामी तीन माह (अप्रैल, मई एवं जून 2025) के लिए प्रभावी रहेगी। इस नियुक्ति का उद्देश्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करना,पार्टी गतिविधियों की निगरानी करना, संगठनात्मक दिशा-निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल है। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के पर्यवेक्षक रहे बलजीत सिंह बेदी को पुनः नियुक्त किया गया। उनके नेतृत में प्रखण्ड स्तर पर नेताओं की नियुक्ति की गई। पटमदा में खगेनचन्द्र महतो,बोडाम में अशोक कुमार सिंह, पोटका में बिजय यादव, डुमरिया में गुलाम सरवर, घाटशिला में प्रिंस सिंह, धालभूगढ़ में कमलेश कुमार पाण्डेय, बहरागोड़ा तापस चटर्जी, चाकुलिया के के शुक्ला, मुसाबनी डॉ. परितोष सिंह, गुड़ाबांदा काल्टू चकवर्ती, गोलमुरी जेबा खान, टेल्को महेन्द्र मिश्रा, मानगो ब्रजेन्द्र तिवारी, जुगसलाई रामलाल पासवान, कदमा और सोनारी के लिए गोपाल प्रसाद, बिरसानगर सामंता कुमार, साकची राकेश कुमार तिवारी और जमशेदपुर ग्रामीण के लिए अखिलेश सिंह यादव को नियुक्ति की गयी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी पर्यवेक्षकों से पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपने प्रखंडों में संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

## चुनाव संचालन समिति का शिष्टमंडल एसएसपी से मिला

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** 13 अप्रैल को जमशेदपुर में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव संचालन समिति का एक शिष्टमंडल पीठासीन पदाधिकारी संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल से मिला। शिष्टमंडल ने एसएसपी किशोर कौशल को जमशेदपुर में रामनवमी झंडा जूलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए फूलों का गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। साथ ही 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया। एसएसपी ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन चुनाव संचालन समिति को दिया। शिष्टमंडल में संचालन समिति के सदस्य अरुण गुप्ता, विजय अग्रवाल एवं महावीर अग्रवाल शामिल थे।

# डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद को मिली विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राजेंद्र प्रसाद को उनके सफल कार्यकाल के उपरांत भावपूर्ण विदाई दी गयी। बुधवार को विदाई समारोह न्याय सदन, जमशेदपुर में आयोजित किया गया। जिसमें प्राधिकार के अधीन कार्यरत मीडिएटर्स, पैनल लॉयर, एलएडीसी, पीएलवी सहित अन्य स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। समारोह के दौरान सभी ने राजेंद्र प्रसाद के न्यायिक सेवा में योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा उनके कार्यकाल में विधिक सेवा प्राधिकार की गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विशेष रूप से त्वरित न्याय की दिशा में उनका कार्य प्रेरणादायक रहा। अपने संबोधन में राजेंद्र प्रसाद ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा टीम के सामूहिक प्रयास से ही विधिक सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में सफलता मिली। उन्होंने इस दौरान मिले सहयोग को अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी पूंजी बताया। विदाई समारोह के दौरान उन्हें मोमेंटो, गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर केके सिंहा, विमल पांडेय, राजेश दास, तरित बरन कर, निर्मलेंदु बनर्जी, एसएस प्रसाद, बी कामेश्वरी उमा, कृष्णा जी प्रसाद, बेबी कुमारी, बीपी शुक्ला, शशिभूषण तिवारी, सुनील कुमार सिंह, अमिताभ कुमार, प्रीति मुर्मू, सोमा दास, मौसमी चौधरी, रंजनी मिश्रा, बिदेश सिंहा, डालसा के प्रधान सहायक संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खरसावां शैली छऊ नृत्य प्रतियोगिता आयोजित




**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** राजकीय चैत्र पर्व छऊ महोत्सव के तहत राजकीय छऊ नृत्य कलाकेंद्र सरायकेला के प्रेक्षागृह में बुधवार को खरसावां शैली की छऊ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, एसडीपीओ समीर सवैया, सरायकेला इंस्पेक्टर एसपी गुप्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में गुरु बृजेंद्र पटनायक, गुरु सुधांशु शेखर पानी, गुरु तरुण कुमार भोल एवं गुरु मनोरंजन साहू शामिल थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में भैरव छऊ नृत्य दल रामपुर, मार्शल छऊ कलाकेंद्र जोजोडीह एवं भवेश छऊ नृत्य कलाकेंद्र देहरीडीह सहित खरसावां छऊ शैली के कुल चार दल ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडली के द्वारा प्रथम स्थान के लिए छऊ नृत्य कलाकेंद्र खरसावां, द्वितीय स्थान के लिए भवेश छऊ नृत्य कलाकेंद्र देहरीडीह तथा भैरव छऊ नृत्य दल रामपुर को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्णायक मंडली द्वारा चयनित टीम के नामों की घोषणा की।

# झारखंड में टीजीटी-पीजीटी के 8900 पद खत्म करने पर युवाओं में आक्रोशः रितेश

- कहा, 1373 माध्यमिक आचार्य बहाली के नाम पर युवाओं को ठगने का खेल चला रही है सरकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार के कैबिनेट में हुए फैसले का खुलकर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से टीजीटी पीजीटी के 8900 पद को खत्म कर दिया गया, इससे युवाओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। हेमंत सरकार युवाओं का रोजगार छीन रही है। 1373 माध्यमिक आचार्य बहाली के नाम पर युवाओं को ठगने का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार का कैबिनेट का फैसला युवा विरोधी और जनविरोधी है। जहां युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार रोजगार सृजन के बजाय खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि 8900 पीजीटी-टीजीटी शिक्षक बहाल होते, तो झारखंड का शिक्षा व्यवस्था में सुधार होता और पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार भी मिलता, लेकिन सत्ता के हनक में हेमंत सरकार लगातार गलत फैसले ले रही है, जिससे स्थानीय युवाओं को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक की भारी कमी है। शिक्षकों के अभाव में छात्रों को सही से शिक्षा नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में हजारों युवा प्रशिक्षित हो कर बेरोजगार बैठे हुए हैं, लेकिन झामुमो सरकार दिशा हिन हो चुकी है। हेमंत सरकार अगर फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती है तो भाजपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे।

# हत्या के मामले में आधा दर्जन अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा

प्रशांत सहाय

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय न्यायालय नगर ऊंटारी के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनोज कुमार त्रिपाठी की अदालत ने पिपरी कला गांव निवासी राजदेव यादव की हत्या और अन्य मामले में आधा दर्जन अभियुक्तों को उम्रकैद और जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि नहीं चुकाने पर सभी अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जिन अभियुक्तों को सजा सुनायी गयी है उसमें परीखा यादव, शिवनारायण यादव उर्फ नन्हकू यादव, रामसुंदर यादव, पिंटू यादव उर्फ विनय यादव, सतीश यादव उर्फ प्रेमन यादव एवं




सुरेंद्र यादव के नाम शामिल हैं। सभी अभियुक्त विशुनपुरा थाने (पुराना थाना नगर ऊंटारी) के पिपरी कला गांव निवासी हैं। जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2011 को नगर ऊंटारी थाने (अब विशुनपुरा थाना) के पिपरी कला गांव में आपस में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से जख्मी राजदेव यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि सुकन यादव, सत्येंद्र यादव, राजकिशोर यादव, कुंती देवी एवं विमल यादव जख्मी हुये थे। उक्त मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से बसंत यादव ने नगर ऊंटारी थाने में उपरोक्त अभियुक्तों समेत 19 लोगों के विरूद्ध हत्या करने संबंधी एफआईआर करायी थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध साक्ष्य मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान 14 गवाहों के बयान के साथ-साथ बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने परीखा यादव, शिवनारायण यादव उर्फ नन्हकू यादव, रामसुंदर यादव, पिंटू यादव उर्फ विनय यादव, सतीश यादव उर्फ प्रेमन यादव और सुरेंद्र यादव को उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनायी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी आशीष तिवारी ने और बचाव पक्ष की ओर से जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम कृष्ण सिन्हा उर्फ बुल्लू राजा, नवीनचंद्र सिंह और सुरेंद्र पांडेय ने पैरवी की।

# इस वर्ष गढ़वा से केवल 19 लोग ही हज यात्रा पर जायेंगेः डॉ असजद अंसारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला से इस वर्ष 19 लोग हज यात्रा पर जायेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए हज कमेटी के प्रबंधक डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि जिन लोगों को हज यात्रा पर जाना है। उन लोगों में वसीमा, परवेज, तबस्सुम, अजमेरउल्लाह, शहनाज, मोहम्मद सैनुल्लाह, उस्मान, शकील, अफसाना, मोहम्मद मंजूर, रजिया, मोइनुद्दीन, इशरत, मोहम्मद सगीर, अकबर अली, बाजुल हक, लतीफ व कासिम अंसारी के नाम शामिल है। डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को 12 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का आयोजन मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के परिसर में किया जायेगा। विदित हो कि इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा कम लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। इस संबंध में बताया गया कि वर्तमान समय में ज्यादातर लोग उमराह कर ले रहे हैं। जिसके कारण हज यात्रा पर जाने वाले लोगों में कमी आई है। इस संबंध में बताया गया कि अन्य वर्षो में हज यात्रा पर जाने वालों लोगों की संख्या 60 से 100 के बीच होती थी, लेकिन इस वर्ष मात्र 19 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों के प्रशिक्षण को लेकर पूरे राज्य में तिथि का निर्धारण किया कर दिया गया है। ऐसे में निर्धारित तिथि के अनुसार 12 अप्रैल को हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें सभी हज यात्रियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है।


**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002. Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

**Tender reference no.: 01/JREDA/GCRT/RC/25-26 Dated: 09.04.2025**

Online bids are invited for Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the state of Jharkhand (JREDA). The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of 05 MWp Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the state of Jharkhand |
| 2 | Tentative quantity (kWp) | **05 MWp** |
| 3 | Completion of work | **04 (Four) Months** |
| 4 | Period of contract | **05 ( Five) Years** |
| 5 | Date of publication of NIT on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | **19.04.2025 (Saturday)** |
| 6 | Date & time of Pre-bid meeting | **30.04.2025 (Wednesday)** at 2.00 P.M. |
| 7 | Last date & time for receipt of online bids | **14.05.2025 (Wednesday)** upto 05:00 PM |
| 8 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | **14.05.2025 (Wednesday)** upto 05:00 PM |
| 9 | Technical Bid Opening Date | **16.05.2025 (Friday)** at 3.00 P.M. |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai,Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/9570086777 |
| 12 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http: //jharkhand tenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director, JREDA, Ranchi

PR.NO.350063 Energy(25-26):D


# डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को रवाना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के समाज कल्याण शाखा, गढ़वा अंतर्गत पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। बताते चलें कि पोषण अभियान योजनान्तर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 08 से 22 अप्रैल तक किया जाना है। पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत प्रतिदिन के लिए निर्धारित कैलेंडर के अनुसार निर्धारित गतिविधियां आयोजित करायी जानी है। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला में बुधवार को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' थीम पर आधारित सांस्कृतिक समागम और परिचर्चा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संस्था युवा सदन द्वारा किया गया, जिसमें रांची से आई टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत 'ग्रीन स्कूल-क्लीन स्कूल' की अवधारणा से हुई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता पखवाड़ा, वृक्षारोपण में सामूहिक भागीदारी और 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली पर वृहद चर्चा की गई। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल एजुकेशन जैसे आधुनिक विषयों पर भी विशेष जानकारी दी गयी।

# पशुपालन विभाग में सरकारी राशि के गबन की शिकायत, जिप सदस्य ने की जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीसी को आवेदन सौंपकर जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा सरकारी राशि गबन करने की शिकायत की है। इस संबंध में जिपस श्रीमती शर्मा ने उच्च अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। जिपस रंजनी शर्मा ने डीसी को सौंपे आवेदन में कहा है, कि गढ़वा जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं वेंडर की मिलीभगत से सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की राशि का फर्जी तरीके से गबन किया जा रहा है। पदाधिकारी की मनमानी के कारण योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लाभुकों को नहीं मिल पा रहा है। इस कारण सरकार का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। उन्हेंने डीसी से उच्चाधिकारियों



की टीम गठित करते हुए विस्तृत जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं जरूरतमंद लाभुको को पूर्ण रूप से लाभ दिलाने की मांग की है। इस संबंध में जिपस श्रीमती शर्मा ने भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव को भी आवेदन सौंपते हुए जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने विधायक को बतायी कि इस संबंध में पूर्व में मुख्यमंत्री, विभागिय मंत्री, मुख्य सचिव आदि को भी अवगत कराया जा चुका है। फिर भी जिला पशुपालन पदाधिकारी के रवैया में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**क्या है मामला :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य मुख्यमंत्री पशु धन योजना का शुरूआत किया था जिस में अनुदान पर किसानों को पशु गाय, सुअर, कुकुट, बैल जैसे पशु भेंडर के मध्यम से अनुदान पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया गया था, लेकिन भेंडर पशु पालन विभाग और बिचौलिया के मिलीभगत से किसी भी किसान को पशु उपलब्ध नहीं कराया गया है, उक्त योजना सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। उक्त योजना में संबंधित विभाग, भेंडार और बिचौलिया के मिली भगत से पैसे की बंदर बांट कर दिया गया है। अगर सरकार इस मामले को गंभीरता से जांच करती है, तो एक बहुत बड़ा घोटाला उजागर होगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ वंदना स्थल पर भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र कुमार, जेनरल फिजिशियन डॉ सरफराज खान और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में आचार्य कृष्ण कुमार पांडे, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडे, अविनाश कुमार, प्रसून कुमार, सुजीत दुबे, कृष्ण मुरारी, दिनेश कुमार, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, प्रियम्बदा, रेनू पाठक, तन्वी जोशी, सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लवाही गांव में चल रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ बुधवार को हवन-पूर्णहुती के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का हवन और पूजन को लेकर सुबह से भीड़ लगी रही। हवन व पूजन के दौरान वैद्धिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। यज्ञ की पूणार्हुति के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंच मंडप की परिक्रमा कर सुख शांति व समृद्धि की कामना किया। यज्ञ समापन के अवसर पर यज्ञाचार्य श्री स्वामी शत्रुध्यानाचार्य महाराज जी द्वारा श्रद्धालुओं से भक्ति मार्ग से जुड़कर सन्मार्ग पर चलने की अपील किया गया। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, सचिन बैजनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष लालबिहारी पसवान, संरक्षक घूरबिगन बैठा, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, श्यामलाल साह, ओम पांडेय, वीरेंद्र साह, संजय प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीन घरों में लगी आग, एक लाख नगद और गहना समेत अन्य सामान जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता

**सीओ ने तीनों पीड़ितों को 50 - 50 किलो चावल और पांच-पांच हजार रुपये नगद अपनी तरफ से देने की बात कही**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में बुधवार को करीब 10 बजे दिन में अचानक अगलगी की घटना में तीन लोगों का खपरैल मकान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार घर के पीछे से बदन चौधरी के खपड़ैल घर में आग की लपट को देख बाहर के लोग हो-हल्ला करते हुए आग बुझाने में जुट गये। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना सीओ यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी मेराल को दिया। आग की लपट इतनी तेज थी कि बगल के दो अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया और धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों के प्रयास के बाद भी इस घटना में बदन चौधरी के साथ कृष्णा चौधरी तथा सोमारू चौधरी के घर भी आग की चपेट में आ गया। अगलगी की इस घटना में तीनों के घर में रखा लगभग एक लाख रुपये नकद, अनाज, गहना, कपड़ा, बेडिंग-विस्तर तथा लाखों रुपये के लकड़ी बांस सब जलकर खाक हो गया। सूचना पर सीओ यशवंत नायक पहुंचे इसके कुछ देर बाद ही गढ़वा से अग्निशमन गाड़ी पहुंच कर घर में धधक रहे आग को बुझाया गया। लेट से अग्निशमन गाड़ी पहुंचने पर लोगों ने कहा कि समय पर गाड़ी पहुंच जाने से इतना बड़ा नुकसान नहीं होता।

इधर रोते बिलखते हुए परिजन को मुखिया पति हरेंद्र चौधरी ने सरकारी प्रावधान के अनुसार लाभ दिलाने और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। वहीं सीओ श्री नायक ने तीनों पीड़ित को 50 -50 किलो चावल और पांच-पांच हजार रुपये नगद अपने तरफ से देने की बात कही, साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुसार तीनों पीड़ितों को आपदा प्रबंधन विभाग से लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

# प्रमुख ने किया खेल मैदान का औचक निरीक्षण



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने प्रखंड क्षेत्र के अमवाडीह खेल मैदान का औचक निरीक्षण किया। पूर्व में ही ग्रामीणों के द्वारा खेल मैदान में अनिमियता की शिकायत किया गया था। जिसके आलोक में प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मिट्टी मोरम के स्थान पर अवैध पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। पूर्व में ही इस खेल मैदान का 75000 रू की निकासी कर ली गयी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि खेल मैदान में संलिप्त अनिमियता की शिकायत बीपीओ से की गयी थी। परंतु बीपीओ के द्वारा संवेदक पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 12/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | survey and assessment of feasibility for modification of existing 2 ph. double circuit towers to 3-ph double circuit towers by erecting two extra cross arms as proposed by Railway for construction of 132 kV 3-ph D/C Transmission line from GSS, Kendposi to New TSS at Kendposi |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 7,72,816.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 15,500.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 05.05.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 06.05.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

PR 350020 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)


## 'कॉफी विद एसडीएम' : एसडीएम ने अपने अनुभवों को साझा कर छात्रों को किया प्रेरित, कहा

# हमेशा भीड़ से अलग सोचें, लक्ष्य बड़े रखें

- गढ़वा में प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए बना है एक अच्छा माहौल
- यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिये गये टिप्स



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के उन छात्र-छात्राओं को अपने यहां कॉफी पर बुलाकर अनौपचारिक संवाद किया जो यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। संजय कुमार के आमंत्रण पर 50 से अधिक ऐसे अभ्यर्थी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे हुए थे। इस एक घंटे से अधिक के वातार्लाप में न केवल अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं बल्कि उनकी शंकाओं, समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया।

**मानक पुस्तकों को ही पढ़ें :** संवाद के क्रम में कुछ छात्रों ने संजय कुमार से पुस्तकों एवं अन्य अध्ययन सामग्री के चयन के बारे में प्रश्न पूछे। संजय कुमार ने सभी को सलाह दी कि वे न केवल सिर्फ मानक पुस्तकों के अद्यतन संस्करण को पढ़ें बल्कि कम से कम पुस्तकों को पढ़ें। बाजार में तमाम सारे प्रकाशन हैं और एक ही विषय पर सैकड़ों पुस्तकें उपलब्ध हैं, किंतु पुस्तकों के चयन में सावधानी बरतें और कोशिश करें कि किसी भी विषय की प्रमाणिक आधार पुस्तक के रूप में एक या दो पुस्तक ही रखें, अधिक पुस्तकों का संग्रह करने से बचें।

**ऑनलाइन पढ़ाई में सतर्कता बरतें :** संवाद के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के गुण और दोषों को लेकर हुई चर्चा के क्रम में संजय कुमार ने अभ्यर्थियों से कहा कि आज प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा के लिए थोक में सामग्री इंटरनेट पर उपलब्ध है किंतु अगर समझदारी नहीं दिखाई तो आप गलत तथ्य भी पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक ही प्रश्न के अलग-अलग वेबसाइट पर अलग-अलग उत्तर मिल जाते हैं ऐसे में छात्र-छात्राओं का कॉन्सेप्ट बेहतर होने की बजाय उनकी दुविधा बढ़ जाती है। फल स्वरुप परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

### अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं

- करंट अफेयर के लिए सरकारी वेबसाइट्स से पढ़ने की सलाह। एनसीईआरटी की किताबों को बनाएं आधार।
- सिविल सेवा परीक्षा में वैकल्पिक विषय का चयन सोच समझकर करें।
- लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें।
- गढ़वा में बन रहा है प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए माहौल।
- पुस्तकालय में अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें उपलब्ध कराने का अनुरोध।

### पुस्तकालय के सामने बेतरतीब पार्किंग रोकने की मांग

छात्रा रूपांजलि कुमारी ने एसडीएम के समक्ष शिकायत रखी कि अनुमंडलीय पुस्तकालय के सामने बेतरतीब पार्किंग के चलते उन्हें हमेशा परेशानी होती है, उस पर रोक लगाई जाये। इस पर उन्हें आश्वस्त किया गया कि उनकी इस शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/12/RE/2024-25 2nd call

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से भाया कोडरमा थाना राजा तालाब होते हुए कृष्णा केयर तक पथ निर्माण कार्य | 96,57,750.00 | 193200.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2025 से दिनांक 17.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–19.04.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06534358472 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 350002 Rural Work Department (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
08

# घरेलू विवाद में युवक ने पड़ोसी पर किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** घरेलू विवाद में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के घर में घुसकर उसपर जानलेवा प्रहार कर दिया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी ग्राम की है। चौकनी निवासी धरदास भगत का 22 वर्षीय पुत्र प्रेम भगत ने अपने ही घर में किसी बात को लेकर अपने मां के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा। तभी उसकी मां किसी तरह बेटे के चंगुल से छूट पड़ोसी धनेश्वर ठाकुर के घर जा कर छुप गयी। जिसकी जानकारी प्रेम भगत को होते ही पड़ोसी के घर में घुस कर अचानक जानलेवा प्रहार करने लगा। जिससे स्वर्गीय विश्वनाथ ठाकुर के पुत्र धनेश्वर ठाकुर को शरीर के विभिन्न अंग में गंभीर चोटें आयी है। घटना के पश्चात आरोपी प्रेम भगत वहां से भाग निकला। घटना के बाद धनेश्वर ठाकुर को घायल अवस्था में उसका पुत्र हरिश्चन्द्र ठाकुर और रोहित ठाकुर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहां धनेश्वर ठाकुर इलाजरत है। बताया जाता है कि धनेश्वर ठाकुर को गंभीर चोटें सर में आयी है इसके अलावे हाथ एवं जबड़ा टूटने की बात बतायी जा रही है। घटित घटना से स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। फिलहाल घटना को अंजाम देने के पश्चात आरोपी फरार है।

# ज्वेलरी दुकान से तीन लाख के जेवर और लैपटॉप की चोरी

बातों में उलझा देख कर युवक दुकान में घुसा और बैग ले कर भाग गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार शहर के थाना चौक में दिन दहाड़े श्री आदि लक्ष्मी ज्वेलरी दुकान मे एक चोर ने हाथ साफ कर दिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। बताते चले की लातेहार थाना चौक इलाके में श्री आदि लक्ष्मी ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर कन्हाई कुमार सोनी बुधवार दोपहर तकरीबन 12 बजे अपनी दुकान खोल कर दुकान के सामानों को बाहर सजा रहे थे। कन्हाई ने बताया कि उसी क्रम में एक युवक दुकान के बाहर खड़ा था। दुकानदार के सब गतिविधियों को देख रहा था। उसके बाद वह किसी को इशारा किया। इशारा करने के बाद एक युवक उसके पास आया और दुकानदार को अपनी बातों में उलझा दिया। बातों में उलझा देख कर वह युवक दुकान में घुस गया और दुकान में रखा एक बैग ले कर भाग गया। कन्हाई ने बताया कि बैग में तकरीबन तीन-साढ़े तीन लाख रुपये के जेवर और एक लैपटॉप था। यह घटना यहां चर्चा का विषय बना हुआ है। साथ ही घटना 12:09 में हुई है जो सीसीटीवी में कैद हो गयी है। यह सारी घटना की जानकारी दुकान के मालिक कन्हैया कुमार सोनी ने खुद ही बताया और लातेहार थाना में लिखित आवेदन दिया है। इधर घटना के बाद पूरे बाजार गर्म है पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

## एनएसयूआइ ने 55वां स्थापना दिवस मनाया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राजेंद्र भवन में पूर्व जिला महासचिव मनौवर आलम के नेतृत्व में छात्र संगठन एनएसयूआइ का 55वा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश सचिव सबिता मिंज के द्वारा केक काटकर शुरूआत किया गया। मौके पर छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व जिला महासचिव मनौवर आलम ने कहा कि आज के ही दिन 9 अप्रैल 1971 ई में छात्र संगठन एनएसयूआइ का पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा केरला स्टूडेंट यूनियन और बंगाल छात्र परिषद को मिलाकर छात्रों को एकता में बांधने के लिए छात्र संगठन एनएसयूआइ का राष्ट्रीय पार्टी के रूप में स्थापना किया था। तब से छात्र संगठन विद्यार्थियों की हर समस्या में साथ खड़ा होकर काम करते आ रहा है। मौजूदा समय में जिला एनएसयूआइ मजबूती के साथ एक एक विद्यार्थियों की हर समस्याओं नामांकन, पंजीयन, स्कॉलरशिप तथा परीक्षा फॉर्म सहित सभी तरह के मुसीबत में हर संभव विद्यार्थियों के साथ खड़ा होकर मदद करने का कार्य कर रही है तथा आगे भी विद्यार्थियों की हर समस्या में छात्र संगठन एनएसयूआइ हमेशा से मदद के लिए खड़ी रहेगी। नजदीकी सदर अस्पताल में जाकर जिला एनएसयूआइ के सभी पदाधिकारी मरीजों के बीच फल वितरण किये। मौके पर एनएसयूआइ के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी शुभम लाल सहदेव, साद गौहर, अकीब अंसारी, रौशन राम, शैलेश कुमार, तौसीफ अंसारी, शमशाद अंसारी, अशरफ, आर्यन, सकलेन मुस्ताक, समन फैजान, रितिका लकड़ा आदि मौजूद थे।

## वेलनेस समृद्धि सेंटर का उद्घाटन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के उत्का में बुधवार को वेलनेस समृद्धि सेंटर का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर और स्थानीय पशु चिकित्सक सह समाजसेवी रामप्रसाद यादव और डायनेमिक लीडर राहुल कुमार सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार ने कहा कि आज के समय में जहां एक तरफ रासायनिक खाद के प्रयोग और प्रदूषित वातावरण के कारण लोग बीपी, शुगर, कैंसर, हार्ट, बवासीर, अस्थमा सहित कई बीमारियों से गुजर रहे हैं और ऐसे में लाखों खर्च के बाद भी पूरी तरह न तो ठीक हो पा रहे हैं न ही इलाज के लिए पैसा की व्यवस्था हो पाती है। ऐसे में वेलनेस समृद्धि के आयुर्वेदिक रूप से तैयार दवाई और फूड सप्लीमेंट के प्रयोग कर लोग स्वस्थ रहेंगे, कई तरह की पुरानी से पुरानी बीमारी ठीक हो रही है। वहीं बेरोजगार युवक-युवतियों को आर्थिक उत्थान के लिए एक मौका भी दे रही है। मौके पर डायनेमिक लीडर राहुल कुमार, संचालक संभु तिवारी, रामप्रसाद यादव, आदित्य यादव, बलराम केवट, किरण देवी, मुन्ना राम, सुषमा संतोषी खाखा, एलिस लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

# अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में पुत्र के साथ शामिल हुए डॉ रामेश्वर उरांव

स्थानीय समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अहमदाबाद गुजरात की धरती पर आयोजित कांग्रेस पार्टी का दो दिवसीय अधिवेशन बुधवार को अपने दूसरे दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर झारखंड से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव अपने पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव के साथ दोपहर करीब 2:30 बजे अधिवेशन स्थल पर पहुंचे। डॉ. रामेश्वर उरांव की उपस्थिति ने न केवल झारखंड कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी को रेखांकित किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि पार्टी अब राज्यस्तर पर नेतृत्व के नये दृष्टिकोण को अपनाने के लिए तैयार है। उनके साथ रोहित प्रियदर्शी उरांव की भागीदारी इस बात की ओर संकेत करती है कि कांग्रेस अब युवा नेतृत्व को भी सक्रिय भूमिका में लाना चाहती है। जहां झारखंड से आये प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ संवाद स्थापित किया। पार्टी के विचार-विमर्श सत्रों में डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा झारखंड की जमीनी राजनीति, आदिवासी समाज की चुनौतियां और राज्य के संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने पर विशेष जोर दिये। ज्ञात हो कि डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस के अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। वे पूर्व में झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और वर्तमान में राज्य में पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। वहीं, उनके पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और युवा कांग्रेस के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं। कांग्रेस अधिवेशन में उनकी सहभागिता यह दर्शाती है कि पार्टी आने वाले समय में राज्य और राष्ट्रीय राजनीति में सामंजस्य बनाते हुए, अनुभवी और युवा नेतृत्व को साथ लेकर आगे बढ़ने की दिशा में कदम उठा रही है।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से अवैध बालू के परिवहन करने की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का दो ट्रैक्टर को बालू लाद कर परिवहन करते हुए बक्सीडीपा डाडू पथ से जब्त किया गया है। जिसे बालू लदा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए जब्त ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई किया गया। जिसे अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



लोक अभियोजक मिनी लकड़ा।

**लोहरदगा।** नाबालिग युवती का बलपूर्वक अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने बुधवार को आरोपी रामदास (42 वर्ष) को 20 साल कारावास और 25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाने का फैसला सुनाया है। न्यायालय द्वारा सजायाफ्ता रामदास शहरी क्षेत्र के अखोरी कॉलोनी का रहने वाला है। घटना भंडरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 की है। पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत का फैसला से समाज में सकारात्मक संदेश गया है। दुष्कर्मी कानून के शिकंजे से बच नहीं सकेंगे। दुष्कर्म के आरोपी रामदास को न्यायालय से सजा दिलाने में लोक अभियोजक मिनी लकड़ी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ी ने बताया कि भंडारा थाना क्षेत्र में पीड़ित 15 वर्षीय नाबालिग कोचिंग सेंटर जाने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में घात लगाये आरोपी रामदास ने उसे अगवा कर लिया। पीड़िता से बलपूर्वक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। देर शाम तक नाबालिग युवती के घर नहीं लौटने से परेशान परिजनों ने उसकी खोजबीन किया। पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताया। इसके बाद भंडरा थाने में आरोपी रामदास के विरुद्ध भंडरा थाना कांड संख्या 62/2021 दिनांक 27 दिसंबर 2021 दर्ज कर पुलिस आरोपी रामदास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## कुडू में कांग्रेस का 17 अप्रैल का कार्यक्रम स्थगित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 अप्रैल को कुडू प्रखंड में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का प्रस्तावित कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित करने की घोषणा की गयी है। इस संदर्भ में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू द्वारा पत्र जारी किया गया है। उपरोक्त जानकारी लोहरदगा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने दिया।

# एक माह बाद भी किसानों को नहीं मिली दूसरी किस्त

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लैंपस में धान की अधिप्राप्ति के एक माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी किसानों को दूसरी किस्त की राशि नहीं भेजी गयी। जिससे किसान परेशान हैं। किसानों ने तत्काल पैसे मिलने की आस में धान की बिक्री लैंपस में की थी। जिसका भुगतान अभी तक किसानों को नहीं हुई है।लैंपस में राशि सही समय में नहीं मिलने के कारण इस वर्ष लैंपस में धान की खरीद काफी सुस्त देखने को मिली। जबकी प्राप्त जानकारी के अनुसार धान की दूसरी किस्त की पैसा जिले में आ चुकी है। वहीं लैंपस में किसानों को मांग के अनुरूप उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण लैंपस की ओर किसानों का झुकाव कम रहा। सरकार द्वारा धान खरीद की मूल्य बढ़ाने के आश्वासन के बाद भी मूल्य वृद्धि नहीं हुई। सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व 32 रुपये धान खरीद का वादा किया गया था। परंतु 24 रुपये धान खरीद कर किसान को धोखा देने का काम किया गया। जबकि बाजार में धान की खरीद लैंपस से महज एक से दो रुपए कम रही। लेकिन लैंपस में सोखती कटौती के कारण किसानों को बाजार मूल्यों के बराबर रेट आ गया। इसमे में ससमय राशि नहीं मिलना किसानों के लिए घाटा साबित हो रहा है। लैंपस में 24 रुपये धान की खरीद की गयी। जबकि बाजार में 21 रुपये तक धान की खरीद हुई। जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे।

## महुआ चुनने गये ग्रामीण पर लकड़बग्घे ने किया हमला, गंभीर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू टाइगर रिजर्व के करमडीह गांव के पास स्थित जंगल में महुआ चुनने गये ग्रामीण दीपक सिंह खरवार पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। हालांकि दीपक सिंह ने साहस का परिचय देते हुए लकड़बग्घा से अपनी जान तो बचा ली, परंतु इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे गंभीर रूप अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी घायल युवक से मिलने अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा की दीपक महुआ चुनने के लिए अन्य ग्रामीणों के साथ सुबह 4 बजे ही जंगल में गये थे। इसी दौरान एक लकड़बग्घे ने उन पर हमला कर दिया। फिलहार दीपक सिंह की स्थिति खतरे से बाहर है।

# अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट मैच में रामगढ़ ने खूंटी को 145 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** झारखंड राज्य क्रिकेट द्वारा आयोजित तथा लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी के मैच में रामगढ़ ने खूंटी को 145 रनों से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ की टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 389 रनों का स्कोर खड़ा किया टीम की ओर से शुभम ने 107 रन नाबाद 55 गेंदो की मदद से बनाया। शशांक ने 96 गेंदो पर 88 रन अंतरिक्ष ने 35 गेंदो पर 59 रन तथा सचिन ने 83 गेंदो पर 54 रन की पारी खेली। खूंटी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूर्यास्त तथा अभिषेक ने दो-दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए खूंटी की टीम 43 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाये थे कि बारिश शुरू हो गये। तत्पश्चात जेएसीए के नियमानुसार रामगढ़ टीम को विजेता घोषित किया गया। खूंटी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मनीष ने 38, प्यारे ने 29, अनिमेष ने 17 नाबाद तथा आदित्य ने 17 रनों का योगदान दिया। रामगढ की ओर से गेंदबाजी करते हुए आलोक ने दो विकेट, पीयूष ने एक विकेट, शिवम ने एक विकेट तथा सचिन ने एक विकेट लिया। आज के प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रामगढ़ के शुभम प्रियदर्शी को उनके नाबाद 55 गेंद पर खेली गयी 112 रन के पारी के कारण दी गयी। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएससीए द्वारा प्रति नियुक्त टीम आरडीओ राजेश कुमार झा अंपायर राजेश्वर सिंह तथा संजय कुमार सिंह स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता आदि उपस्थित थे।

## पलामू पीआरडी ने योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शिविर लगाया



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में पलामू प्रमंडल जनसंपर्क विभाग द्वारा शिविर लगा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इससे पूर्व जागरूकता शिविर का बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरूकता शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में बीडीओ ने प्रदेश के हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलाए जा रहे सावित्रीबाइ फुले योजना, मईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,अबुआ आवास योजना समेत अन्य सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को लाभ उठाने की अपील की। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने भी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की। वही मौके पर जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी नाटक के माध्यम से दिया। मौके पर रविंद्र राम, बिरजू राम, अवधेश मेहरा, तरुण कुमार, निजाम अंसारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## विक्षिप्त युवक को मनोरोग संस्थान भेजा गया


आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के कामता पंचायत के रहने वाले विजेंद्र कुमार गंझु पिता मकुन गंझु ग्राम चटूआग के रहने वाले हैं विजेंद्र कुमार गंझु पिछले 5 वर्षों से मानसिक रोग से ग्रसित है। जिसके चलते माता-पिता के साथ-साथ आसपास के लोग भी उससे बहुत परेशान और हताश दिखाई देते थे ग्रामीण बताते हैं कि बहुत ही हिंसक हो गये थे। उनके हरकत से कई लोगों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ता था। अगर कोई व्यक्ति अकेले विजेंद्र कुमार गंझु से मिल जाता था तो उसे दौड़कर मारपीट भी किया करते थे। इसकी सूचना लातेहार विधानसभा के विधायक प्रकाश राम के स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे को परिवार के लोगों ने दिया। श्री दुबे ने मनोरोग से ग्रसित विजय कुमार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उसे माकूल इंतजाम कर रांची के मनोरोग संस्थान में इलाज हेतु भेज दिया, जिससे ग्रामीण के साथ-साथ परिवार भी विजय कुमार दुबे को साधुवाद दिया है और कहा है कि अगर विजय कुमार ठीक होकर अपने घर लौटते हैं तो जिसका सारा श्रेय स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे और समाजसेवी महेंद्र प्रसाद साहू को दी जायेगी।

# बारियातू की फुलसू पंचायत में मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** बारियातू प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत में मंईयां सम्मान निधि योजना के तहत बड़ा फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में आया है। योजना के चार लाभुकों की सम्मान राशि के लिए दी गयी खाता से विपरीत है एवं चारों लाभुकों का किसी एक अन्य व्यक्ति के खाता अंकित कर दी गयी है। इस गड़बड़ी से लाभुकों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे न्याय के लिए दर दर भटक रही है। लाभुक लीलावती देवी पति कुलदीप राम, खाता संख्या 35188193576, बसंती देवी पति राजेन्द्र राम खाता संख्या 35596465616, खदिजा खातुन पति नसीम अंसारी खाता संख्या 32240606688 एंव सरस्वती देवी, पति चंद्र भुइयां ने बताया कि योजना का लाभ पाने के लिए हम सभी सरकार द्वारा मांगे गये दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि लेकर प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन कराया था और ऑनलाइन निकला पर्ची सहित सभी दस्तावेज का छायाप्रति संबंधित कार्यालय में जमा किये थे। परंतु आज तक मंईयां सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई।

जब हम सभी लाभुकों ने इसकी जानकारी ब्लॉक कार्यालय से ली तो पाया गया कि हमलोगों का नाम रिजेक्ट लिस्ट में दर्ज है। अब चौंकाने वाली बात यह है कि उस लिस्ट में उनके नाम के समक्ष दर्ज खाता संख्या 3277942376 है, जो कि पता लगाने पर पता चला कि यह खाता संख्या किसी सुरेन्द्र पासवान के नाम से है।

**कौन हैं सुरेन्द्र पासवान?**

लाभुकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कौन हैं सुरेन्द्र पासवान इस योजना के आवेदन प्रक्रिया में भारी लापरवाही या किसी सुनियोजित साजिश के तहत हम लाभुकों के नाम से आवेदन लेकर, राशि खाता संख्या 3277942376 में मंगायी जा रही है। लाभुक लीलावती देवी ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान के नाम प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर इस मामले की गंभीरता से जांच की मांग की है ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो सके और हमें योजना का लाभ मिल सके।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान से पुछे जाने पर बताया कि यदि किसी एक ही खाते में कई लाभुकों की राशि भेजी गयी है तो उस पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी और गलत खाते में भेजी गयी राशि की रिकवरी की जायेगी तथा दोषी व्यक्ति प्राथमिक दर्ज कराये जाने के साथ ही उसे जेल भेजा जायेगा।

## बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, महिला की मौत

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार की शाम बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हि नाला के समीप मोटरसाइकिल सवार दंपति को बोलेरो नें जोरदार टककर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार महिला लालती देवी (55 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि मोटरसाइकिल चला रहें मृतक के पति निरंजन सिंह को हल्की चोट आयी। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार दंपति सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल के सालोघोरही गांव से बरवाडीह के खुरा गांव निवासी अपने भाइ यदु राम घर जा रहें थे। तभी कुटमू की ओर से आ रही बोलेरो नें जोरदार टककर मार फरार हो गया। वही स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो के माध्यम से अस्पताल लाया गया। जहां अस्पताल में चिकित्सा कर्मी सीएचओ संदीप ड्रेसर दानिश अंसारी, राजेश चंद्र उर्फ बबलू, एएनएम भांवना कुमारी, अनूपा नगेसिया के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के मौजूदगी मे पुलिस एसआइ अनवर, उपेंद्र सिंह और अन्य टीम नें मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और घटना की पड़ताल शुरू कर दी। उधर पोस्टमार्टम हेतु शव को कल सदर अस्पताल लातेहार भेजा जायेगा। वही घटना के संबंध में मृतिका के भाइ यदु राम ने बताया कि मेरी बहन हमारे घर आ रही थी। मेरी बेटी का शादी कुछ दिन पूर्व ही हुआ है।उसी से मुलाकात करने पहुंची थी। तभी रास्ते में ही घटना की शिकार हो गयी। वही यदु राम ने बताया कि बोलोरो का नंबर 7963 है। उधर पूरे मामले पर पुलिस पड़ताल में जुट गयी है।

## हुसैनाबाद में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण

# जीवन की प्रथम पाठशाला है आंगनबाड़ी केंद्र : संजय यादव

- विधायक, जिप उपाध्यक्ष, एसडीएम एवं प्रखंड प्रमुख ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



आंगनबाड़ी सेविका को स्मार्ट फोन देते विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष एवं अन्य।

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सभागार में झारखंड सरकार की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से बुधवार को सराहनीय पहल के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टुटू सिंह, एसडीएम गौरांग महतो, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र हमारे जीवन की प्रथम पाठशाला हैं, जहां बच्चों को ना केवल पोषण युक्त भोजन मिलता है, बल्कि शिक्षा की बुनियाद भी मजबूत होती है। उन्होंने सेविकाओं से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का समर्पण भाव से निर्वहन करें, ताकि क्षेत्र के गरीब बच्चों को प्ले स्कूल की कमी महसूस ना हो। इस दौरान हुसैनाबाद एवं हैदरनगर बाल विकास परियोजना की सैकड़ों सेविकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे अब वे अपने कार्यों को और अधिक डिजिटल, प्रभावी एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कर सकेंगी। मौके पर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, महिला पर्यवेक्षिका कांति देवी, प्रेमलता कुजूर एवं शोभा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कुंदन हत्याकांड के दो आरोपी भेजे गये जेल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुंदन हत्याकांड के नामजद आरोपी राहुल गोस्वामी और कालू सरदार को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लगे हाथ हत्याकांड के मुख्य आरोपी मुन्नी देवी और उसके दोनों बेटे एवं दोनों बेटियां पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जानकारी के अनुसार नामजद दोनों आरोपी को पुलिस जल्द ही पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी। इधर, बुधवार दोपहर मृतक कुंदन की बहन कविता देवी चिरकुंडा थाना पहुंची और थाना प्रभारी रामजी राय से हत्यारों की गिरफ्तारी को ले गुहार लगायी। कविता का कहना है कि मुन्नी देवी एवं उसके परिवार के लोगों ने एक साजिश के तहत उसके भाई की हत्या की है। इसलिए फांसी की सजा दिलायी जाये। थाना प्रभारी रामजी राय ने कविता देवी को आश्वस्त किया कि जल्द ही मुन्नी देवी, उसके परिवार के लोगों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाएगी। थाना प्रभारी ने कविता को धनबाद स्टेशन के स्टैंड में खड़ी मृतक की स्कूटी की चाभी एवं स्टैंड की स्लिप दी, जिससे वह वहां से स्कूटी ले सके।

## धनबाद-बेरमो-बोकारो की खबरें

# वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन, चार गिरफ्तार



संवाददाता सम्मेलन कर चोरों की जानकारी देते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** नावाडीह के कोड़वाडीह से चोरी हुए पिकअप वाहन की जांच में उतरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने पूर्व बेरमो, नावाडीह, चंद्रपुरा आदि क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान बिहार के गया निवासी रॉकी रंजन कुमार, निरंजन कुमार और दीपक कुमार उर्फ अन्नू के अलावा चतरा के राहुल कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से चोरी के पिकअप वाहन, एक बााइक और दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने दी। वे बुधवार को तेनुघाट स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विगत 24 मार्च की रात नावाडीह क्षेत्र के कोड़वाडीह से पिकअप बोलोरो सवारी गाड़ी चोरी हो गयी थी। जिसकी बरामदगी को लेकर बोकारो एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। उक्त टीम ने जांच के क्रम में वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार चोरों को दबोच लिया। उनके पास से चोरी का वाहन भी बरामद हुआ है। पुलिस उनसे पूछताछ के बाद अन्य जगहों पर छापामारी कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों को पता लगाने में जुटी हुई है। वहीं, छापामारी दल में नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, बिपिन कुमार महतो, शमीम अंसारी और मिथिलेश कुमार आदि शामिल थे।

# युवती से छेड़छाड़-मारपीट का आरोप, युवक गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दूल्हर गांव में घर में घुस कर एक युवती के साथ छेड़छाड़ एवं परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर युवती ने हुसेनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें कहा है कि गांव के ही देवनाथ शर्मा, अनुज शर्मा, सनोज शर्मा, मुकेश, विवेक और विश्वनाथ शर्मा घर में घुस कर उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ करने लगे। जब उसने शोर मचाना शुरू किया तो कुदाल से प्रहार किया। जिससे उसका हाथ कट गया हैं। बीच बचाओं करने आये पिता प्रमोद चौधरी, मां सोनी देवी और भाई के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की पीड़िता की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी सनोज कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। बाकियों की तलाश की जा रही है।

# खाद्य आपूर्ति निदेशक-डीएसओ ने किया अनाज गोदाम का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति निदेशालय के निदेशक दिलीप तिर्की और पलामू जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने गोदाम की स्टॉक पंजी, अनाज की मात्रा सहित अन्य चीजों का निरीक्षण किया। जांच के क्रम में पदाधिकारीयो ने गोदाम की साफ-सफाई एवं सही तरीके से अनाज का भंडारण करने सहित कई अन्य विंदुओं पर एजीएम, एमओ और अन्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। बताया कि इस दिन हुसैनाबाद स्थित एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गोदाम को साफ-सुथरा रखने एवं अनाज को अच्छी तरीके से रखने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि उक्त गोदाम में आधुनिकता को बढ़ाने को लेकर विचार किया जाएगा। मौके पर हुसैनाबाद प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, हैदरनगर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार, गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# धनबाद एनएसयूआइ ने अनाथालय में मनाया संगठन का 55वां स्थापना दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआइ) धनबाद की ओर से संगठन का 55वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने स्थानीय अनाथालय में जाकर बच्चों के बीच कॉपी, कलम और मिठाई बांटी और उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान बच्चों को एनएसयूआई की विचारधारा से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि एनएसयूआई की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के मार्गदर्शन में हुई थी। यह संगठन छात्रों के हक और अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से बना था, जिसमें केरल के छात्र संगठनों और पश्चिम बंगाल के छात्र परिषद को एकजुट किया गया था। एनएसयूआई हमेशा से युवाओं और छात्रों की आवाज को बुलंद करता आया है। भ्रष्टाचार एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करता रहा है। धनबाद इकाई की ओर से किया गया यह आयोजन ना सिर्फ सेवा का संदेश देता है, बल्कि छात्रों में जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक, धनबाद नगर अध्यक्ष शनि सिंह, विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह, पीके राय कॉलेज के उपाध्यक्ष अमन प्रसाद, सोहेल अली, आरएसपी कॉलेज के अध्यक्ष सुधीर सिंह, सानी कुमार आदि मौजूद थे।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट में पिता-पुत्र घायल, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दूल्हर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों का हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इस मामले में अनुज शर्मा की पत्नी सीमा देवी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। जिसमें बताया कि मंगलवार की दोपहर दो बजे मेरे जमीन पर कन्हैया चौधरी, प्रमोद चौधरी और अशोक चौधरी पिलर गाड़ रहे थे। जब उसके ससुर देवनंदन शर्मा ने पिलर गाड़ने से मना किया, तो तीनों लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे मेरे पति अनुज शर्मा, सास को भी मारने लगे। इसी क्रम में कन्हैया चौधरी ने लोहे के छड़ से ससुर और पति पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मेरे पति वहीं मूर्छित होकर गिर गए। जब मैं उनके पास पहुंची, तो अशोक चौधरी ने गंदी नियत से मुझे पकड़ लिया। इसी बीच कन्हैया चौधरी, कौशल्या देवी, सोनी देवी, पूजा कुमारी, गूंजा कुमारी ने मिलकर मुझे और मेरे ससुर की पिटाई की। जिसमें मेरे ससुर और पति को सिर में गंभीर चोट आयी है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जपला एके सिंह कॉलेज में राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर सेमिनार आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला अवधेश कुमार (एके) सिंह कॉलेज में बुधवार को महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन की 132 वीं जयंती पर छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार सिंह और संचालन जंतु विभागाध्यक्ष प्रो राहुल कुमार सिंह ने किया। विद्यार्थियों में रिंकी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी और रोशन सिंह ने राहुल जी के व्यक्तित्व एवं विचार पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन लगभग 30 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने दर्शनशास्त्र, इतिहास, पुरातत्व, जीवनी, उपन्यास, विज्ञान आदि ज्ञान की हर शाखा में अपनी लेखनी के माध्यम से योगदान किया है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेकर वे कई बार जेल भी गये। जेल में ही उन्होंने वोल्गा से गंगा, वैज्ञानिक भौतिकवाद, तुम्हारी क्षय, दिमागी गुलामी जैसी क्रांतिकारी रचनायें की। केदारनाथ पांडे सनातनी धर्म में जन्म लेकर बाद में आर्य समाजी बने, फिर बौद्ध धर्म में दीक्षित होकर राहुल सांकृत्यायन बने और अंततः मार्क्सवाद को मानव - मुक्ति का दर्शन मानकर कम्युनिस्ट हो गये। राहुल सांकृत्यायन नास्तिक एवं भौतिकवादी थे। उन्होंने ईश्वर, आत्मा, कर्मवाद, पुनर्जन्म, भूत-प्रेत, ज्योतिष और चमत्कार का खंडन किया। राहुल जी ने जीवन भर किसानों, मजदूरों एवं आम आदमी के पक्ष में संघर्ष किया। यह भारतीय नवजागरण के अग्रदूत हैं। इस मौके पर प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन आइक्यूएसी समन्वयक प्रो अरुण कुमार सिंह आदि ने किया।

# दबाव में भी कोई गलत कार्य नहीं करूंगा : सीओ बालकिशोर महतो



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा सीओ बाल किशोर महतो ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर प्रखंड दिवस ( मंगलवार) के दिन ही दो घंटे तक कार्यालय के बाहर धरना देकर लोगों को गुमराह कर सरकारी कार्य में बाधा डाल रहे हैं। जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले 19 लोगों को जमीन संबंधी मामले प्राप्त हुए, जिसमें 17 का निष्पादन कर दिया गया है। दो मामले में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर मामले में निर्दोष साबित हुए है। उन्होंने राजगंज के रायमुनि देवी की जमीन के मामले में जांच के बाद दोषी पर कार्रवाई करने की बात कही। अन्य लंबित मामले में भी न्यायसंगत कार्य करने की बात कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी कीमत पर दबाव में गलत कार्य नहीं करेंगे। ग्राम स्वरोजगार अभियान का धरना मेरे यहां आने से पहले का है। जिसे मैंने निष्पक्ष होकर निष्पादित कर दिया हूं।

## अवैध कोयला जब्त कर प्रबंधन को सौंपा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलदारिया बस्ती के समीप अज्ञात लोगों द्वारा अवैध रूप से चोरी कर जमा कर रखे गये कोयला को तेतुलमारी प्रबंधक, सीआइएसएफ की मौजूदगी में जब्त की गयी। जिसे बाद में तेतुलमारी प्रबंधक को सौंप दिया गया। जब्त कोयले का वजन करीब 20 टन था। इस मौके पर बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के नोडल अधिकारी अशोक कुमार, कोलियरी के लोडिंग बाबू, पुलिस और सीआइएसएफ के जवान मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीडीसी ने सुनी लोगों की फरियाद

# 30 से अधिक आवेदनों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिलास्तरीय साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुआ। जिसमें डीसी शशि रंजन के निदेश पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने आमजनों की समस्याएं सुनी। लगे हाथ संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश बी दिया। डीडीसी ने आमजनों से प्राप्त 30 आवेदनों का निष्पादन किया। जनता दरबार में डालटनगंज के सदर थाना क्षेत्र के कसिया निवासी प्रीति कुमारी ने अपनी भूमि, मकान आदि संपति की विक्री पर रोक लगाने संबंधी आवेदन दिया। उनका कहना है कि उनके दादाजी के नाम पर खरीदगी भूमि है, जिसपर मकान भी बने हैं। पिताजी तीन भाई हैं। पिताजी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर गांव के अन्य लोग भूमि एवं मकान लिखवाना चाहते हैं। प्रीति ने इसपर रोक लगाने की मांग की। वहीं, पंडवा थाना क्षेत्र की रंजू देवी ने बिना पारिवारिक सहमति के नशे के हालत में पति द्वारा जमीन बिक्री किए जाने पर रोक लगाने की मांग की। जनता दरबार में आवेदन देते हुए उन्होंने कहा कि उनके पति की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वे नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं और जमीन बिक्री करने की कोशिश में लगे हैं। उन्होंने बिक्री पर रोक लगाने एवं अपनी सुरक्षा की मांग की। इस बीच, विश्रामपुर अंचल के डिहरीया निवासी अरूण प्रसाद श्रीवास्तव एवं केशव शरण श्रीवास्तव ने जमीन से जबरन कब्जा हटवाने का अनुरोध किया। उन्होंने आवेदन देकर कहा कि उनकी खतियानी जमीन है, जिसका रसीद भी उनके परिवार के सदस्यों के नाम से कटता है। हाल सर्वे में इस जमीन को दूसरे व्यक्ति अपने नाम करवा कर जबरन अस्थाई घर बना दिया है। उधर, डीडीसी ने इन सभी की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया है। जनता दरबार में नव नियुक्ति पंचायत सचिव को पूर्ण प्रभार दिलाने, जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने वालों से मुक्त कराने, जमीन की अवैध डिमांड को निरस्त करने व सीमांकन कराने,गृह रक्षा वाहिनी को प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन समस्याओं से संबंधित शिकायतों पर डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करते हुए समस्या दूर करने का निर्देश दिया।

## रेल की पटरी से वृद्ध का खंडित शव बरामद

**झरिया (आजाद सिपाही)।** होरलाडीह रेलवे फाटक के समीप 100 मीटर की दूरी पर पोल नंबर 3521 रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक वृद्ध व्यक्ति का खंडित शव बारमद हुआ। रेलवे ट्रैक के एक तरफ सिर, तो दूसरी तरफ धड़ पड़ा था। इसकी सूचना पाकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में रेलवे ट्रैक पर पहुंच गये। तुरंत इसकी सूचना बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार सिंह को दी गयी। खबर पाते ही वे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। शव के जेब से बरामद आधार कार्ड और एक वोटर कार्ड से उसकी पहचान मो युसूफ (60) के रूप में हुई है, जो होरलाडीह का रहने वाला था। हालांकि आधार कार्ड में नया बाजार रमजान मंजिल धनबाद का पता लिखा है। पुलिस आधार और वोटर कार्ड के पता पर परिजनों से संपर्क की। सूचना मिलते ही मृतक के तीन पुत्र घटनास्थल पर पहुंचे और पहचान किया। बताया कि पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पत्नी की मौत के बाद से वे इधर-उधर भटकते रहते थे। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## कैलिफोर्निया में जन्मे बच्चे का मिशन समृद्धि में मना जन्मदिन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कैलिफोर्निया में जन्मे आयान नामक बच्चे का जन्मदिन पलामू जिले में स्थित समृद्धि की पाठशाला 'मिशन समृद्धि' में मनायी गयी। आयान के माता-पिता गौरव शरण और नैमा शरण को भी बधाई दी गयी। बताते चलें कि आयान की दादी आरती श्रीवास्तव का पाठशाला के लिए हमेशा सराहनीय योगदान रहता है। उनके दो बेटों में से एक कैलिफोर्निया और दूसरा आयरलैंड में रहते हैं। मां की भूमिका से प्रभावित दोनों बेटे अपने बच्चों का जन्मदिन समृद्धि की पाठशाला में ही मनाते हैं। विदेश में रहते हुए भी देश में जन्मदिन ऐसे बच्चों के बीच मनाना पसंद करते हैं जो सुविधाओं से वंचित हैं। इस पूरे कार्य को सुनियोजित करने में वीणा राज, अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता और ममता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रीराम चरित्र मानस पाठ एवं यग्योपवित संस्कार हवन-भंडारा के साथ संपन्न




**कतरास (आजाद सिपाही)।** आर्ष परिषद कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से बिशनपुर चौबेडीह स्थित विष्णु मंदिर प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय श्री राम चरित्र मानस अखंड संपूर्ण पाठ एवं यग्यो पवित संस्कार का बुधवार को पूजन हवन, महाभंडारा एवं महाआरती के साथ समापन हो गया। इस दौरान आचार्य त्रिपुरारी तिवारी एवं देवघर से आये बैधनाथ पंडा सहित अन्य ब्राम्हणों ने बैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से 39 बटुककुमारो का यग्योपवित संस्कार करवाया। मुख्य यजमान के रूप समीर कुमार चौबे, पत्नी सहित यज्ञ संपन्न कराये। इस मौके पर हिंदी परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राम्हण समाज के संरक्षक सुरेश चंद्र तिवारी, आर्ष परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, सचिव राजेश पाण्डेय, सह सचिव विनोद चंद्र, उपाध्याय कोषाध्यक्ष कपिल चंद्र उपाध्याय, प्रवक्ता सपन कुमार ओझा, विमलेश चौबे, रविन्द्र तिवारी, उमाकांत तिवारी, गौरव दुबे महेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## मां को स्कूटर पर भारत भ्रमण कराने वाले डॉ कृष्णा का हुआ स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कलयुग का श्रवण कुमार नाम से प्रसिद्ध कर्नाटक के मैसूर निवासी डॉ कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार और उनकी माता के गुमला आगमन पर समाजसेवी शिशिर गुप्ता ने माला पहना कर स्वागत किया। अपने मेन रोड स्थित कंगना इंटरप्राइजेज के मुख्य शोरूम में उनका स्वागत किया गया। बताते चलें कि डॉ कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार ने अपनी मां को 20 साल पुराने स्कूटर से पूरे देश की यात्रा कराते हुए बुधवार को गुमला पहुंचे। फिर अगली यात्रा में निकाल गये। डॉ कुमार ने बताया कि 5 वर्ष पहले पिता का निधन हो गया था। इसके बाद वे 16 जनवरी 2018 में पुराना स्कूटर लेकर मां चूडारलम्मा को स्कूटर से ही यात्रा कराने के लिए निकले थे। जो अभी जारी है।

# रायडीह में 172 पेटी शराब के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

**ट्रक के डाला के फर्श में गुप्त रूप से बने हुए बॉक्स में छुपाकर रखा हुआ था अवैध शराब।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने मंगलवार शाम को एक ट्रक में छुपाकर ले जा रहे 172 पेटी अवैध शराब बरामद की है साथ ही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

इस संदर्भ में बुधवार को रायडीह थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ ललित मीणा ने बताया की मंगलवार शाम को गुमला पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की छत्तिसगढ़ की ओर से एक ट्रक में छुपाकर अवैध शराब ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक के



निर्देश पर एसडीपीओ ललित मीणा की अगुवाई में एक टीम की गठन की गयी और रायडीह थाना के भलमंडा गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। करीब 8 बजे रात्रि में एक ट्रक नंबर यूपी 22बीटी 2910 को रोकने का इशारा किया गया तो चालक ने तेजी से ट्रक को भगाना शुरू कर दिया। जांच टीम के द्वारा उक्त ट्रक का पीछा किया और एक किलोमीटर दूर बकसपुर गांव के समीप रोका गया। ट्रक चालक से पूछे जाने पर उसने बताया ट्रक खाली है, जब ट्रक की तलाशी ली गयी तो ट्रक के डाला के फर्श पर गुप्त रुप से बॉक्स बनाकर उसमें शराब की पेटी रखी हुई मिली। सभी पेटीयों की जांच करने पर ब्लेंडर प्राइड की 43 पेटी, रेड लेबल की 50 पेटी, रॉयल स्टेज की 79 पेटी, कुल 172 पेटी शराब मिला। उक्त शराब की लीगल कागजात की मांग की गयी, तो कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तभी चालक भगवाना राम को गिरफ्तार किया गया और बरामद अवैध शराब और ट्रक को जब्त कर लिया गया। रायडीह थाना में कांड संख्या 31/2025 दर्ज करते हुए चालक को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में मुख्य रूप से ललित मीणा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, महेंद्र कुमार करमाली पुलिस निरीक्षक चैनपुर, कुंदन कुमार सिंह थाना प्रभारी रायडीह, सुरज टोप्पो पुआनि रायडीह, धनंजय कुमार सिंह सआनि रायडीह और सैट 11 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## भारत मुक्ति मोर्चा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए भरत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी जेल भरो अभियान के तहत बुधवार की अपराह्न 3 बजे गुमला जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर 1 जुलाई को भारत बंद का सूचना दिया है। प्रदर्शनकारी शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कचहरी परिसर पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें इवीएम से चुनाव पर आपत्ति जताते हुए चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाने, जाति आधारित जन गणना कराने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ महापुरुषों का अवमानना का विरोध किया है और बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार को ब्राह्मण पंडितों से मुक्त कराते हुए पूर्ण रूप से बौद्ध अनुयायियों को समर्पित करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का भी विरोध किया है। इसके अलावे बहुजन समाज से जुड़े स्थानीय ज्वलंत मुद्दों की चर्चा करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है। आंदोलन का नेतृत्व जिला संयोजक चंदर टोप्पो, विजय प्रताप भारती, सीराम उरांव, विनीत टोप्पो, शांति उरांव, विरसा उरांव , इंद्रदेव उरांव, मार्टूस केरकेट्टा, जितवा मिंज , विरासमानी देवी, सुशांति देवी, जौरी उरांव, अंशु तिर्की आदि करा रहे थे।

## बारिश से लोगों को गर्मी से राहत, फसल बर्बाद



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बुधवार को मौसम ने करवट लिया और हल्की हवा ओला वृष्टि के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। परंतु इस बारिश से गेहूं, सब्जी,आम एवं महुआ का फसल को नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कई किसान के गेहूं खेत में तैयार हो गये हैं, परंतु वह काट नहीं पाये हैं जिस कारण बारिश से गेहूं का फसल बर्बाद होने की संभावना है। इससे पूर्व 21 मार्च को भी प्रखंड क्षेत्र में तेज हवा एवं बारिश के साथ जोरदार ओला वृष्टि हुआ था। उस दिन भी काफी फसल को नुकसान था। जिसकी अब तक भरपाई भी नहीं हुआ है। और फिर एक बार किसानों के लिए आसमान से आफत बरस गयी।

## पेयजल की शिकायत के तुरंत निवारण के लिए प्रखंड कंट्रोल रूम बनाये गये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गर्मी को देखते हुए आमजनों को पेयजल की शिकायत से त्वरित निवारण हेतु प्रखंड कंट्रोल रूम और कंट्रोल रूम के कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गयी। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार गर्मी में आमजनों को पेयजल की शिकायत से त्वरित निवारण हेतु प्रखंड स्तर पर एक कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। प्रखंड कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्ति कमी संदीप कुजूर मोबाइल नंबर 6205867041 और शोएब अख्तर मोबाइल नंबर 7992405933 है। बीडीओ ने आमजनों से अपील किया है कि इस नंबर पर संपर्क कर अपने क्षेत्र में हो रहे पानी की समस्या की जानकारी दें ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी की व्यवस्था करायी जा सके। बैठक में मुखिया जलसहिया को निर्देश देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या का आकलन कर समाधान हेतु नियमानुसार कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पानी की उपलब्धता जहां बिल्कुल नहीं है वहां पर टैंकर की व्यवस्था कर लोगों को पानी देना सुनिश्चित करें। मुखिया द्वारा बताया गया कि कई गांव में जलमीनार खराब है जिस पर बीडीओ के द्वारा पेयजल के कनीय अभियंता को कार्य करने का निर्देश दिया है।

## आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक नहीं रहेगी बिजली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को गुमला, रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी एवं महुआटांड (लातेहार) प्रखंडों में विद्युत आपूर्ति दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक तकनीकी कारणों से बाधित रहेगी।

# गांजा तस्करी करते दो युवक धराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट/ गुमला।** गुमला ज़िले के पालकोट थाना क्षेत्र में पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया। घटना 8 अप्रैल 2025 की है, जब करीब 11:45 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिसईगढ़ की ओर से एक टेंपू में दो युवक गांजा लेकर झारखंड-बिहार की सीमा पार कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पालकोट चौक टोंगर के पास मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच शुरू की। करीब 13:45 बजे वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध टेंपू को आते देखा गया, जिसे




रुकने का इशारा किया गया। टेंपू चालक ने रुकने के बजाय वाहन को जंगल की ओर मोड़ दिया।

पुलिस बल ने पीछा करते हुए जंगल में दोनों तस्करों को धर दबोचा। पूछताछ में एक की पहचान किशोर के रूप में हुई। जांच के दौरान टेंपू से 25 पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसे टेप से लपेटकर रखा गया था। साथ ही एक हरे रंग का मोबाइल और 100-100 के दो नोट भी बरामद किये गये।

छापामारी टीम में इंस्पेक्टर दीपक कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया, राहुल कुमार थाना प्रभारी पालकोट, सुबोध कुमार यादव, रमेश्वर बेद, प्रमोद कुमार और समस्त सशस्त्र बल, शामिल रहे।

# नये लोगों को जोड़ना और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देना है पार्टी का उद्देश्य: चैतू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** किसान भवन कामडारा में संगठन सृजन मंथन 2025 के तहत प्रखंड कांग्रेस कामडारा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा के अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक मे गुमला जिला अध्यक्ष सम्मानित चैतू उरांव एवं कामडारा प्रखंड पर्यवेक्षक फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि जिला के सभी प्रखंड में मजबूती के साथ कार्य चल रहा है। प्रखंड एवं पंचायत में नए व्यक्ति को संगठन में जोड़ें एवं पुराने कार्यकर्ता को मान सम्मान देने का कार्य करें, ताकि संगठन को और भी मजबूती मिले। कामडारा प्रखंड प्रभारी फिरोज आलम ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के रास्तों पर चलते हुए गांव-गांव पंचायत एवं बूथ स्तर को मजबूत करने के लिए हम लोग यहां उपस्थित हुए हैं।



जिसमें मुझे प्रखंड प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। मैं सिर्फ प्रखंड में बैठक करने के लिए नहीं, बल्कि प्रखंड अध्यक्ष को लेकर दसों पंचायत का दौरा करने एवं बूथ का दौरा कर प्रखंड में कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाने का काम करूंगा। गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव को कामडारा प्रखंड की कारगुजारी सौंपने का काम करना है। इस कार्य के लिए मुझे बार-बार प्रखंड आना पड़े तो मैं जरूर आउंगा और कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने का काम करता रहूंगा। उपस्थित कार्यकर्ता गण कामडारा प्रखंड उपाध्यक्ष देवनूश टोपनो, वरिष्ठ कांग्रेसी अजीत गुड़िया, प्रखंड महासचिव अश्विनी नाग, प्रखंड सचिव जैस्मिता केरकेट्टा, साले गुटू पंचायत अध्यक्ष सागेन सुरीन सुरू पंचायत अध्यक्ष मूनू रेन बरला, रामपुर पंचायत अध्यक्ष जॉर्ज सोरेन, कामडारा पंचायत अध्यक्ष मतयस टोपनो, एससी प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश्वर राम, युवा प्रखंड अध्यक्ष विष्णु बडाईक, महिला प्रखंड अध्यक्ष यशोदा देवी, दुरुंडू पंचायत अध्यक्ष पुनीत राज, रामतैलया पंचायत अध्यक्ष ईश्वरीय टोपनो, रेडवा पंचायत अध्यक्ष निराला एवं मंडल अध्यक्ष जिला से लेकर प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला टास्क फोर्स ने अवैध बॉक्साइट खनन के विरुद्ध की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में धड़ल्ले से हो रहे अवैध बॉक्साइट खनन पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी जितने चुस्त नजर आ रहे हैं जिला खनन विभाग उतना ही सुस्त दिखायी दे रहा है। खनन टास्क फोर्स ने उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को गुमला जिले के चैनपुर एवं बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत अवैध बॉक्साइट खनन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस कारवाई का नेतृत्व जिला खनन पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा पदाधिकारी आदर्श शरण को दिया गया।

छापामारी के दौरान लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के लुपुंगपट, अंबाकोना, बीजापाट यह तथा गुमला वन प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर



प्रखंड के चौरापाट, नवाटोली, कुजाम, बारपाट और लोडापाट क्षेत्रों में अवैध खनन की जांच की गयी। जांच के क्रम में कई ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गयी जो अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाये गये हैं। इनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। उपायुक्त का स्पष्ट निर्देश है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। यहां बताते चलें कि बालू तथा पत्थर का अवैध खनन लगातार जारी है। ग्रामीणों की माने तो इसकी सूचना भी खनन विभाग के पदाधिकारियों को दूरभाष पर दी जाती है। लेकिन विभाग के साथ जाने कैसी लाचारी होती है कि विभाग इन अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करता। वहीं जब उपायुक्त का निर्देश प्राप्त होने पर विभाग सक्रीय होता है।

## झारखण्ड सरकार,गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं सम्पुष्ट सूची
जिला–चतरा (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मिनहाजुल हक के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर। | | |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–मो0 सैदुल्लाह, पिता–मो0 जहूर हुसैन<br>3. ग्राम–लाईन मुहल्लाह ,पोस्ट–चतरा, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–जुलकर नैन, पिता–अब्दुल हादी<br>3. ग्राम–लाईन मुहल्लाह ,पोस्ट–चतरा, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–मो0 असलम अंसारी, पिता–स्व0 अब्दुल हमीद अंसारी<br>3. ग्राम–खानकाह रोड़ लाईन मुहल्ला , पोस्ट–चतरा, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–अब्दुल्लाह, पिता–स्व0 उद्दीन मियाँ<br>3. ग्राम–खानकाह लाईन मुहल्लाह , पोस्ट–चतरा, थाना–सदर चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–मो0 मंसर आलम, पिता–स्व0 हैदर हुसैन<br>3. ग्राम–लाईन मुहल्लाह ,पोस्ट–चतरा, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के उपर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. आवेदक–मो0 अनवर हुसैन, पिता–स्व0 झारी मियाँ<br>3. ग्राम–गोढाई ,पोस्ट–हफुआ, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी राजेन्द्र प्रसाद दांगी एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर। | | |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–त्रतुराज दांगी, पिता–बाढो महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ में तील में का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–उदय कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 बलदेव प्रसाद<br>3. ग्राम–मयुरहण्ड ,पोस्ट–मयुरहण्ड, थाना–मयूरहण्ड, प्रखण्ड–मयूहण्ड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना कंधा पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. आवेदक–महेश्वरी देवी, पति–छेदी महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ में काले दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. आवेदक–मालती देवी, पति–कामेश्वर दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–57/25 2. आवेदक–दयाशंकर दांगी, पिता–जगदीश दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–58/25 2. आवेदक–सुनीता देवी, पति–राधेश्याम मांझी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–उषा देवी, पति–कारू राम<br>3. ग्राम–मयुरहण्ड ,पोस्ट–मयुरहण्ड, थाना–मयुरहण्ड, प्रखण्ड–मयुरहण्ड<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाया पैर में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–60/25 2. आवेदक–राजदेव प्र0 दांगी, पिता–स्व0 लोकन महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तील में का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–61/25 2. आवेदक–कांती देवी, पति–राम सेवक दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया गाल में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–62/25 2. आवेदक–बासदेव दांगी, पिता–जानकी दांगी<br>3. ग्राम–सिंघानी ,पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–63/25 2. आवेदक–प्रमोद कुमार, पिता–जयनाथ दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–64/25 2. आवेदक–सुरेन्द दांगी, पिता–बुलक दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–65/25 2. आवेदक–कविता देवी, पति–महेन्द्र राम<br>3. ग्राम–बरटा ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–66/25 2. आवेदक–प्रकाश दांगी, पिता–स्व0 हिरो महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया हाथ में अंगुली में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–144/25 2. आवेदक–विकाश कुमार, पिता–सीताराम दांगी<br>3. ग्राम–सर्ले ,पोस्ट–गोलम्बर दीपुगड़ा, थाना–हजारीबाग, प्रखण्ड–हजारीबाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–कान के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–67/25 2. आवेदक–मीना देवी, पति–छेदी राम<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–68/25 2. आवेदक–कौलश्वर दांगी, पिता–स्व0 दुवारिका दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया में फूले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–69/25 2. आवेदक–बनवारी दांगी, पिता–स्व0 भगवान दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाइथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–70/25 2. आवेदक–रामवृक्ष दांगी, पिता–स्व0 टोडी दांगी<br>3. ग्राम–जोरी ,पोस्ट–मोक्तमा, थाना–राजपुर, प्रखण्ड–कान्हाचट्टी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–राजकुमार यादव, पिता–स्व0 मोती यादव<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया गाल में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–72/25 2. आवेदक–गणेश दांगी, पिता–तिलक महतो<br>3. ग्राम–पेलतोल ,पोस्ट–पेततोल, थाना–राजपुर, प्रखण्ड–कान्हाचट्टी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–73/25 2. आवेदक–लियाकत अली, पिता–सेराज उद्दीन<br>3. ग्राम–किरकीरा ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें गाल के ऊपर का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–74/25 2. आवेदक–लखन दांगी, पिता–इन्दो दांगी<br>3. ग्राम–नंगवा ,पोस्ट–ईटखोरी, थाना–ईटखोरी, प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीट के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–75/25 2. आवेदक–प्रयाग दांगी, पिता–स्व0 रूपलाल दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें गाल पर ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–76/25 2. आवेदक–राम कुमार पाण्डेय, पिता–स्व0 कौलेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–सलगा ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पैर के एड़ी में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–77/25 2. आवेदक–विनोद कुमार, पिता–कामेश्वर राम दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–78/25 2. आवेदक–ब्रहम्देव दांगी, पिता–स्व0 चतूरी महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–79/25 2. आवेदक–प्रमोद कुमार कुशवाहा, पिता–स्व0 जीवनलाल दांगी<br>3. ग्राम–पत्थलगड़ा ,पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–80/25 2. आवेदक–राजेन्द्र दांगी, पिता–स्व0 सोमर महतो<br>3. ग्राम–सिंघानी , पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–81/25 2. आवेदक–अशोक दांगी, पिता–जानकी महतो<br>3. ग्राम–सिंघानी , पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–82/25 2. आवेदक–महेन्द्र राम पिता–स्व0 पुरामन राम<br>3. ग्राम–पाण्डेबागी बरटा , पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांए हाथ में अंगुली में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–83/25 2. आवेदक–मनोज दांगी, पिता–प्रयाग दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–84/25 2. आवेदक–युगल किशोर दांगी, पिता–स्व0 प्रसादी दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–दांए गाल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–85/25 2. आवेदक–संजय कुमार दांगी, पिता–प्रयाग दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांए गाल में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–86/25 2. आवेदक–युगेश्वर दांगी, पिता–तुलसी महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांए जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–87/25 2. आवेदक–सुरेश कुमार, पिता–महादेव दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–निशार अहमद, पिता–बशीर अहमद<br>3. ग्राम–फुलसराय ,पोस्ट–हेसला, थाना–गिद्दी ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये हाथ मे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर। | | |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–88/25 2. आवेदक–प्रकाश दांगी, पिता–सुखदेव दांगी<br>3. ग्राम–सिन्दुआरी कलां ,पोस्ट–बारीसाखी, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–89/25 2. आवेदक–बिन्दु देवी, पति–प्रदीप राम दांगी<br>3. ग्राम–बरटा ,पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–कमर में बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–90/25 2. आवेदक–रीता देवी, पति–शंभु दांगी<br>3. ग्राम–ऊँटा मोड़,पोस्ट–ऊँटा, चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–91/25 2. आवेदक–मोती यादव , पिता–जोबराज यादव<br>3. ग्राम–सिन्दुआरी कलां ,पोस्ट–बारीसाखी, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–92/25 2. आवेदक–विनय कुमार दांगी , पिता–गणेश दांगी<br>3. ग्राम–सिन्दुआरी कलां ,पोस्ट–बारीसाखी, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–93/25 2. आवेदक–हिरामन भुईया , पिता–सीता भुईया<br>3. ग्राम–भुरकुण्डा (बारियातु) ,पोस्ट–गांगपुर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–94/25 2. आवेदक–बिनोद साव , पिता–नेमधारी साव<br>3. ग्राम–जमुआ ,पोस्ट–गांगपुर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें बाजु में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 350047 Home(25-26).D

## करकेंद में डंके की चोट पर चल है रहा लोहे का अवैध कारोबार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में लोहे कारोबारियों का हौसला काफी बढ़ा हुआ है। लोहा कारोबारी करकेंद पानी टंकी के समीप लोहा गोदाम में बीसीसीएल सहित रेलवे के लोहे को भी खपा रहे हैं। करकेंद पानी टंकी के समीप स्थित स्क्रैप गोदाम की आड़ में भारी मात्रा में लोहा अवैध तरीके से बड़े पैमानए पर खपाया जा रहा है। बताते चलें कि केन्दुआ, पुटकी से आर्या और साव नाम से महासूर व्यक्ति का गोदाम है। जिनका कार्य युवकों को पैसे का लालच देकर रात के अंधेरे में बीसीसीएल के बंद पड़े खदान, कोलियरी एवं स्क्रेप शेड से भारी वाहनों के लोहे का कलपुर्जे अपने गोदाम में इकट्ठा करवाना, जिसके बाद उक्त लोहे को करकेंद पानी टंकी के समीप खुले लोहा गोदाम में भेज देना। हद तो यह है कि बीसीसीएल के साथ ही रेलवे के चोरी के लोहे को भी पास के जंगलों में छिपाकर रखा जाता है। जिसे बाद में कटवा कर गोदाम में इकट्ठा कर उक्त लोहे के टुकड़ों में काट कर क्रेन के माध्यम से ट्रकों में भर बाहर भेज मोटी कमाई की जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार में गोदाम संचालकों को कई सफेदपोशों का भी संरक्षण प्राप्त है, जो सबकुछ देख लेने एवं मैनेज कर लेने का दंभ भरते हैं।

## अवैध बालू लदा हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद (आजाद सिपाही।** जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की रात गोविंदपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा हाइवा जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव और पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से साहेबगंज मोड़ के पास जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्वी टुंडी की ओर से आ रहे हाइवा को रोका गया। जांच के क्रम में हाइवा पर अवैध बालू लदा मिला। हाइवा को जब्त करने के साथ ही गोविंदपुर थाना में एफआइआर भी दर्ज करायी गयी है।

## श्री रामचरित मानस परायण एवं राम कथा 11 से, 20 को पूर्णाहुति-भंडारा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जगजीवन नगर स्थित मानस मंदिर के 53वें मानस महाधिवेशन को लेकर मानस प्रचार समिति ने बुधवार को प्रेस वार्ता की जिसकी अध्यक्षता निरंजन सिंह ने की। इस असर पर समिति के सचिव विनोद दुबे ने बताया कि 11 से 19 अप्रैल तक अधिवेशन का आयोजन होगा। प्रतिदिन सुबह सात बजे से श्रीरामचरित मानस का नवाह पाठ विंध्याचल से आये परायणी देवी प्रशाद पाण्डेय एवं उनके आचार्यगण द्वारा संपन्न होगी। वहीं, प्रतिदिन साम 6.30 बजे से रात 10 बजे तक श्रीतुलसीदास कृत श्रीरामचरित मानस पर आधारित संगीतमय श्रीराम कथा श्री अयोध्या धाम से आये रामानुज संप्रदाय एवं कौशलेश सदन से दीक्षित विद्वान आचार्य संतोष द्विवेदी महाराज द्वारा किया जाएगा। मानस मंदिर के पुरोहित आचार्य ज्योति नारायण झा के आचारत्व में सभी कर्मकांड मुख्य यज्ञमान उज्जवल कुमार वर्मा, मनिका कीर्ति वर्मा, शिव प्रसन्ना प्रसाद एवं रुक्मिणी देवी द्वारा संपन्न कराई जाएगी। वहीं, 20 अप्रैल को पूर्णाहूति, हवन संपन्न होने के बाद विशाल महाभंडारा होगा। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष निशांत नारायण, साधु शरण पाठक, योगेंद्र मिश्रा, रामप्रवेश शर्मा, शशि अग्रवाल, शशि श्रीवास्तव, अजित गुप्ता, स्वपन अधिकारी, राजेश सिंह, कन्हाई भट्टचार्य, अरविन्द कुमार, मुकतेश्वर महतो, राहुल कुमार, बी एम शर्मा, राजेश गुप्ता, सुशील सिंह, मनोज झा, शमशेर सिंह राठौर, किशोरी प्रसाद, अभिषेक शर्मा आदि कार्यक्रम को पूर्व करने के लिए पूरे शहर में संपर्क कर रहें है।

## गोमिया के चुट्टे में वज्रपात से महिला की मौत

**चतरोचट्टी/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के चुट्टे पंचायत क्षेत्र की रहने वाली 34 वर्षीय अनिता देवी नामक महिला की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। बताया जा रहा कि अनिता देवी अपने पति लालजी मांझी एवं बच्चों के साथ जंगल में महुआ चुन रही थी। इसी बीच हल्की बारिश होने लगी। इस दौरान अचानक ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में उसे उपचार के लिए गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के समय अनिता देवी के पति एवं एक बेटा मौजूद थे, जिन्हें हल्का झटका लगा है। हालांकि दोनों सुरक्षित हैं। अनिता देवी अपने पीछे पति के साथ 5 बेटियां और तीन बेटे छोड़ गई है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही गोमिया थाना के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार अस्पताल पहुंचे। पूछताछ के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## 12-13 को कोयलांकन की प्रथम कला प्रदर्शनी का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल के कला प्रेमियों के लिए सुखद समाचार है। शिल्पराज एकेडमी ऑफ फाईन आर्ट्स की ओर से आयोजित प्रथम एकल कला प्रदर्शनी 'कोयलांकन' का आगाज 12 अप्रैल से लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन में होने जा रहा है, जो 13 अप्रैल तक चलेगा। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगें। प्रदर्शनी में शिल्प राज अकादमी के संस्थापक राजीव अग्रवाल द्वारा तैयार की गई कलाकृतियां प्रदर्शित की जायेंगी। जिनमें कोयला क्षेत्र और स्थानीय जनजीवन की झलक दिखेगी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन 13 अप्रैल को सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता स्टैंडर्ड दो से लेकर स्टैंडर्ड 11 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रत्येक समूह से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। यह आयोजन धनबाद की सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 को बेरमो के जारंगडीह में

**जुग जाहेर सरना धोरोम गढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में होंगें शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 अप्रैल को जारंगडीह स्थित जुग जाहेर सरना धोरोम गढ़ में आयेंगे। इसकी जानकारी झामुमो के बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने दी। उन्होंने बुधवार को अपने टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। बताया कि आदिवासी समाज के पूर्वज कई वर्षों से पूजा करते आ रहे है। इस बार भव्य रूप से उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। जुग जाहेर सरना धोरोम गढ़ कमेटी के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें आने का न्योता दिया था। जिसे उन्हें स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया है। साथ में पेयजल स्वच्छता एवं मध्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र महतो, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, आनंद कुमार मुरमू आदि भी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष फेनी राम सोरेन, अनंत टुडू, सीताराम मुरमू, श्रीराम हेंब्रम, गोपीन मुर्मू, सुखनाथ मुर्मू, बाबू मुंडा, मनोज टुडू, मेवालाल टुडू, नरेश टुडू, बिंदेश्वर मुर्मू, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, पान बाबू केवट, रंजीत महतो, गणेश श्रीवास्तव, मुकेश चौहान, शमशुल हक, गोविंद राम, संजय कुमार और डेगलाल रजक आदि मौजूद रहे।

### उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## सरकार जन-जन के विकास के लिए प्रतिबद्धः योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**ललपनिया।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में रथटांड़ काली मंदिर से लेकर जमकडीह बजरंग बली मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले लोगों ने मंत्री जी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और क्षेत्रवासियों की हर आवश्यकता को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हम कृतसंकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार जन-जन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों को सड़क से जोड़ने की योजना हो, किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा हो, युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार के अवसर देने की योजना हो या महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदम हो हमारी सोच और कार्य दोनों जनहित के लिए समर्पित हैं। इस दौरान उन्होंने 'भारत रत्न' बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लूदु मांझी, कार्यकर्ता अमित पासवान, महावीर दास, अमित साव, बिक्रम कुमार डे, भारत रविदास, रामदेव रविदास, नारायण रविदास, चमन रविदास, छोटी साव, दीपक साव, मुकेश रविदास, हेमंत कुमार दास आदि मौजूद रहे।

## सासंद-विधायक पर रंगदारी मांगने का आरोप लगा धरने पर बैठे डीओ धारक




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सांसद ढुल्लू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए डीओ धारक कन्हाई चौहान बुधवार को अपने समर्थकों के साथ रणधीर वर्मा चौक पर धरने पर बैठ गये। उन्होंने सांसद और विधायक पर आरोप लगाया कि कोयला उठाने को लेकर प्रतिटन 1600 रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया। इसे लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से भी शिकायत की है। एक दिवसीय धरना देकर कन्हैया चौहान ने बताया कि बीसीसीएल एरिया 1 के मुराईडीह शताब्दी लोडिंग पॉइंट पर प्रति टन 1600 रुपए रंगदारी मांगी जा रही है। उक्त राशि नहीं देने पर ट्रक को लोड करने नहीं दिया जाता है। इस मामले को लेकर बीसीसीएल और सरकार को कई बार पत्र भी लिखा और जांच की मांग की है।

## महुदा इंटर कॉलेज में भ्रष्टाचार और अवैध कब्जे पर आरोप

**महुदा (आजाद सिपाही)।** लंबे समय से भ्रष्टाचार और अवैध कब्जा सहित अन्य गंभीर मामलों को लेकर विवादों में चल रहे महुदा इंटर कॉलेज में पहुंचकर बुधवार को डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर ऑफिसर प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने छात्रावास की जांच की। इस दौरान कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि प्रबंधन और कुछ अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों की मिलीबगत से कॉलेज को दीमक की तरह नष्ट किया जा रहा है। छात्रावास पर अवैध कब्जा कर अपनी जेबें भरी जा रही है। कर्मचारियों ने जांच अधिकारी के सामने खुलासा किया कि कॉलेज प्रबंधन के लोग अक्सर जांच के दौरान फरार हो जाते हैं और छात्रावास में अवैध कब्जे कर उसे ढकने की कोशिश करते हैं। वहीं, जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार ने छात्रावास के लिए 100 बेड, कुर्सी, टेबल सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं प्रदान की हैं, जिसकी जांच समय-समय पर की जाती हैं। लोगों की शिकायते मिल रही थी। उच्च अधिकारी के आदेश पर जांच को आये हैं। लेकिन यहां प्रबंधन पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

## धनबाद में गर्मी के प्रकोप के बीच शहर के अधिकतर चापाकल खराब


### पानी की किल्लत से बढ़ने लगी परेशानियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। चिलचिलाती धूप और लू से लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। आशंका है कि आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह होने वाली है। इन सभी के बीच चिंता का विषय यह है कि शहर के अधिकतर चापाकल खराब पड़े हैं। तपती गर्मी में धनबाद नगर निगम शहर वासियों को ठीक से पीने के लिए शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। धनबाद नगर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पदाधिकारी भले ही क्रियान्वयन को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हो, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। शहरी क्षेत्र के अधिकतर इलाकों में सार्वजनिक हैंड पंप की स्थिति यह है कि कुछ साधारण सी तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। कई इलाकों में महीनों से तो कुछ इलाकों में सालों से चापाकल बंद हैं। कुछ ऐसा ही मामला हीरापुर कोर्ट मोड़ स्थित शिव मंदिर में लगे चपाकल का है, जो वर्षों से मरम्मत के अभाव में बंद है। इस संबध में धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा का कहना है कि इस बार टेंडर प्रक्रिया में थोड़ा बिलंब हुआ है। खराब चापनलो का सर्वे किया जा चुका है। टेंडर भी निकाली जा चुकी है। जल्द ही खराब चापाकलों का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, नगर आयुक्त से पूछा गया कि कई ऐसे चापाकल है जो सार्वजनिक तौर पर लगे थे, लेकिन कुछ लोग निजी तरीके से कनेक्शन कर उसका निजी लाभ ले रहे हैं। इस पर निगम प्रबंधक ने कहा कि सूचना मिलने पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

## एनआइए की छापामारी, गोदाम से भारी मात्रा में जिलेटिन एवं विस्फोटक जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के चिरकुंडा में बुधवार की सुबह एनआइए की टीम ने छापामारी की। इस दौरान एक गोदाम से भारी मात्रा में जिलेटिन और विस्फोटक सामग्री जब्त की गयी। जानकारी के मुताबिक चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह निवासी अमरजीत शर्मा के आवास और केलियासोल प्रखंड के बोरियो गांव में स्थित गोदाम में छापामारी की गयी है। इसकी खबर फैलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। इस दौरान एनआईए टीम ने अमरजीत के बड़े भाई संजय शर्मा को पकड़ कर छापामारी स्थल ले गई। वहीं, एनआइए ने बरामद विस्फोटक को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। हालांकि इस संबंध में एनआईए की टीम ने जांच का हवाला देकर कुछ भी बताने से इनकारर कर दिया। बतातें चलें कि पूर्व में अमरजीत उक्त गोदाम में मुर्गा फार्म खोले हुए था। लगभग पांच वर्ष पूर्व आंधी-तूफान के दौरान फार्म छतिग्रस्त हो गया। उसके बाद से गोदाम में क्या काम होता रहा, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। हालांकि अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि अमरजीत सुनियोजित तरीके से गैंग बना कर अवैध विस्फोटकों की खरीद-बिक्री से जुड़ा हुआ है।

## कोयला लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 जीटी रोड पर मंगलवार की देर रात करीब तीन बजे कोयला लदा हाईवा गोविंदपुर-बरवाड़ा के बीचो-बीच कलाडीह मोड में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे पूरा कोयला सड़क पर ही बिखर गया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, घटना के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गए हैं। उधर, घटना की सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन, सीमेंट का पिलर आदि को हटवा कर यातायात को शुचारू करवाया।

## 72 घंटे के अंदर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो किया जायेगा चक्का जाम : रंजीत



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी को प्रबंधन द्वारा षड्यंत्र के तहत बंद करने का आरोप लगाते और कोलियरी खदानों को चालू कराने की मांग को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के समर्थकों ने सचिव रंजीत कुमार यादव एवं अध्यक्ष संजय बहादुर के नेतृत्व में जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद जीएम को एक मांगपत्र देकर कोलियरी को चालू कराने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि जीतपुर कोलियरी खदान एक सुरक्षित खदान है, जिसमें कर्मियों ने उत्कृष्ट कार्य दक्षता से उच्च गुणवत्ता के कोयले का उत्पादन एवं उत्पादकता किया है। इसके बाद भी प्रबंधन अपनी वित्तीय घोटाला को छिपाने को खदान में जल रिसाव होने से खदान को खतरा होने का गलत रिपोर्ट तैयार कर कोलियरी को बंद कराकर मजदूरों के अस्तित्व को मिटाने में लगा है। नेताओं ने उच्च प्रबंधन से मांग किया कि जीतपुर कोलियरी को बंद करने का निर्णय वापस लेते हुए कर्मियों का पीएफ और पेंशन के भुगतान को ऑनलाइन नियमित लागू करें। ऐसा नहीं करने पर बाध्य होकर कर्मी चक्का जाम आंदोलम करेंगें। कोलियरी के उपकरणों को कहीं भी भेजने नहीं देंगें। इस मौके पर शिव कुमार तिवारी, लखन पासवान, आशीष पासवान, सुरेंदर सिंह, तबरेज अंसारी और दीपक थापा आदि थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :–01/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 09.04.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेषन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि(रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 1 | NREP/LATEHAR/1/2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–छिपादोहर में आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, छिपादोहर में 02 अतिरिक्त वर्ग कक्षा का निर्माण | 20,73,118.00 | बीस लाख तीहतर हजार एक सौ अठारह | 03माह | प्रथम |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.04.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 20.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 24.04.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन– 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 349997 Rural Development(25-26)D



**कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार**

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 15.03.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 16/04/2025 | 11:00 AM | 30,89,763 | 3,09,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 16/04/2025 | 11:00 AM | 25,84,290 | 2,58,500 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 16/04/2025 | 11:30 AM | 7,485 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 16/04/2025 | 11:30 AM | 16,36,462 | 1,64,000 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 16/04/2025 | 12:00 PM | 433 | 500 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 16/04/2025 | 12:00 PM | 16,44,500 | 1,64,500 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 16/04/2025 | 12:00 PM | 4,93,087 | 49,500 |

नोट :–

1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 17/04/2025 को पूर्वाहन्/अपराहन् 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 19/04/2025 को पूर्वाहन्/अपराहन् 11:00** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार

PR 349982 (Rural Development)25-26*D

# एसओए होटल मैनेजमेंट स्कूल में 'पखाल महोत्सव' शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पारंपरिक भोजन और सदियों से अधिकांश घरों में लोकप्रिय 'पखाल' को केंद्र में रखकर ओड़िया व्यंजनों का एक त्योहार बुधवार को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन संकाय, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) में शुरू हुआ। एसओए की उपाध्यक्ष सस्वती दास, जिन्होंने पांच दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 'पखाल उत्सव', जैसा कि अब इसे जाना जाता है, पारंपरिक व्यंजन को लोकप्रिय बनाने का एसएचएम का एक प्रयास है। यह महोत्सव, जो संस्थान में एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है, 13 अप्रैल तक चलेगा। आगंतुकों को प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच एक पारंपरिक ओड़िया गांव जैसा माहौल में कई अन्य व्यंजनों के साथ 'पखाल' परोसा जायेगा।

मेहमानों को उसना पखाल, अरुआ पखाल, दही पखाल, लेंबू पखाल और अदा पखाल। जैसे 'पखाल' के कई प्रकार है। फिश पत्रपोड़ा, मच्छा भाजा, चिंगुड़ी छेचा, कुकुड़ा काशा, मच्छा कालिया, छतू पत्रपोड़ा, आलू कलरा बत्ती तरकारी, बैगन भाजा, आलू बैगन, नादिया भाजा, सागा बादी भाजा, कंचा अंबा, टमाटर छेचा और बादी चूरा जैसे व्यंजनों के साथ परोसे जायेंगे। एसएचएम के डीन प्रोफेसर सुशांत रंजन चैनी ने कहा कि यह ओड़िशा की परंपरा और संस्कृति को बनाये रखते हुए पखाल को व्यापक ग्राहक वर्ग तक पहुंचाने का एक प्रयास है।

# 50 लाख रुपये का ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुधवार को राजधानी में 50 लाख रुपये मूल्य का ब्राउन शुगर जब्त किया गया। खंडगिरी नाकागटे चौक से एक विशेष अपराध यूनिट ने मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 515 ग्राम ब्राउन शुगर और 3,000 रुपये से अधिक जब्त किये। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बालेश्वर क्षेत्र के साहिल महम्मद और जहांगीर महम्मद के रूप में हुई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इन दो लोगों को तब गिरफ्तार किया गया जब वे बिक्री के लिए आये थे। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# अनियंत्रित होकर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुधवार को क्योंझर जिले के साहारपड़ा ब्लॉक के अंतर्गत कपुंडी ग्राम पंचायत में पइदा बांध नाल के पास एक जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस नियंत्रण खोकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक गर्भवती महिला को पाटना से धानबेणी मार्ग से खड़िकापदा होते हुए अस्पताल से छोड़ कर वापस जा रहा था। गौरतलब है कि जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस में ओर कोई मरीज नहीं था, लेकिन दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोगों में यह कह रहे हैं कि चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। पटना पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।


BIRYANI 360 — Free Home Delivery (3KM) — Veg & Non Veg Also Available — Pitamber Estate, Khelgaon - Tatisilwai Rd Chowk, Ranchi, Jharkhand 834009 — Mob. 8102111511

ETERNAL CAREER CLASSES — Run By Doctors from Rims — Admission open for NEET (MEDICAL) — Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out — Only One Batch FREE for Each Class — Be A Doctor + By the Doctors — BOOK YOUR SEAT — Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi — Mob. 6200935394, 6200131542

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633 — !! ओम् साईं राम !! — टीक फर्नीचर घर — फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता — इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें। — नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, रांची (झारखण्ड)

ANAL'S CAREER PLUS — Economics for JET by Anal Kumar — Courses Available: CSAT, NET, JPSC, J-TET, C-TET, TGT, NET — नये पाठ्यक्रम के अनुसार — ADMISSION OPEN — PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05 — PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077 — www.careerplusedu.com

BALAJEE UDYOG — The Mark of Excellence — Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND) — Mob. 93869-09008 / 0651-3554978 — Email : balajee udyog@rediffmail.com

Shreshtha Soni 7481000333 — RATNA SAGAR — Wholesale & Retail — रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय — CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

V अलंकार ज्वेलर्स — सोना चाँदी थोक विक्रेता — कोकर तिरिल रोड, रांची — Contact Us : 7488705225, 7992284114

TATA MOTORS — RISING AUTO WHEELS PVT. LTD. — NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM NOW AT BOOTY MORE — Starting Price 4.99 Lakh Only — LARGEST SHOWRROM OF JHARKHAND — 09297928073/09153996278 — sales@risingautowheel.com

BOB Furniture — Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table — Dahej Set @ 55000/- — Contact : 9279630961 — G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

Shree Ratan Jewellers — Apni Manufacturing Company — पुराना सोना खरीदा - बिक्री की जाती है — Contact Us : 9263983157, 7632913111 — Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

Mobile No.: 9608302205 — PURE VEG — 7th Bites — Live Veg Cake — Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

FURNITURE GHAR PLUS — Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture. — CONTACT NOW : 8409679099 — Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

POPKORN cinemas — SUJATA PICTURE PALACE — Now Showing JAAT — Schedule For 10th April, 2025 onwards! — at Screen-1 (Sujata): Jaat 11.15, 2.00, 4.45, 7.30 — at Screen-2 (Miniplex): Jaat 1.00, 6.30; Sikandar 10.30, 3.45 — at Popkorn Cinemas: Jaat 11.30, 1.00, 2.30, 4.00, 5.30, 7.00, 8.30; Sikandar 10.30

PSM AUTOMOTIVE HUB — "MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE" — H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001 — 72610 24907, 73013 75193

RAVINDRA NATH ACADEMY — LIMITED SEATS — ADMISSION OPEN — TRANSPORT FACILITY AVAILABLE — BABY PRE-NURSERY TO CLASS X — MOB. 9905504970, 7992281709 — BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

Guddu Soni — GUDDU ELECTRICALS — Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser — 7992372475, 9386422109, 8102406846 — Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

जयपुर रत्न मंदिर जेम्स एण्ड ज्वेलर्स — बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

SHANTI ENTERPRISES — Authorised Distributors — Deals in : All Type of home Appliances available here — 70456 59822, 0651 3500469 — 308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

NEON ENTERPRISES — आधार सुधार — 8210108590, 8789361453, 8709790158 — Digital Print Designing & Advertising — Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रांची (झारखंड)

प्रकाशित — Verma's Today CHAPTERWISE CLASS-XI 2025 — VERMA PRESS PVT. LTD. RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES — Furniture, Material Handling, Matters — Contact Us : +91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455 — www.mrichair.com mrikokar@gmail.com — Head Office : Industrial Area, Kokar — Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

LAKSHMI VASTRALAY — अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता — फैन्सी — 7033265646 — Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

Panasonic BRANDSHOP — DIVYA ENTERPRISES — Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001 — Mob.: 9576777385, 9304809352



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**